दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-46 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) गुरूवार 26 मार्च 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## पब्लिक इवेंट्स में वंदेमातरम् अनिवार्य नहीं, जब सजा होगी तब विचार किया जाएगा

### -सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज कर कहा

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गाने को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय के सर्कुलर के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पब्लिक प्लेस और सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए जारी यह निर्देश अनिवार्य नहीं है। सर्कुलर को चुनौती देने वाली याचिका समय से पहले दायर की गई है।मामला सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच में था। बेंच ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय की एडवाइजरी में वंदेमातरम न गाने पर किसी भी तरह की सजा का प्रावधान नहीं है। ये दिशानिर्देश केवल प्रोटोकॉल हैं और इनका पालन करना अनिवार्य



नहीं है। जब याचिकाकर्ता के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होगी, या फिर उसके लिए गाना अनिवार्य किया जाएगा, तब हम इन सब बातों पर ध्यान देने वाले है। अदालत मुहम्मद सईद नूरी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस पर सीजेआई ने कहा कि हमें वह नोटिस दिखाइए जिसमें आपको राष्ट्रगान बजाने के लिए मजबूर किया गया है। आप एक स्कूल चलाते हैं, हमें यह भी नहीं पता कि वह मान्यता प्राप्त है या नहीं। इस पर नूरी के वकील ने कहा कि जो व्यक्ति वंदेमातरम गाने या राष्ट्रगीत के समय खड़े होने से इंकार करता है, उस पर हमेशा बहुत बड़ा बोझ होता है। सलाह देने के बहाने लोगों को साथ गाने के लिए मजबूर कर सकते है। इस पर जस्टिस बागची ने कहा कि यह सिर्फ एक दृष्टिकोण है और लोग इस बात से असहमत हो सकते हैं। अगर आपके खिलाफ कोई एक्शन होता है, नोटिस आता है, तब आप फिर से कोर्ट आ सकते हैं।

## कांग्रेस को बड़ा झटका! छिन जाएगा 48 साल पुराना दफ्तर, 28 मार्च तक 24 अकबर रोड खाली करने का अल्टीमेटम

नई दिल्ली (ए.)। इंडियन नेशनल कांग्रेस (INC) को जल्द ही अपना 48 साल पुराना और ऐतिहासिक मुख्यालय छोड़ना पड़ सकता है। एस्टेट विभाग ने बुधवार को कांग्रेस पार्टी को एक सख्त नोटिस जारी किया है, जिसमें 24 अकबर रोड स्थित मुख्य दफ्तर को 28 मार्च तक पूरी तरह से खाली करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही, 5 रायसीना रोड स्थित इंडियन यूथ कांग्रेस (IYC) के दफ्तर को भी इसी समय सीमा के भीतर खाली करने का एक और नोटिस थमाया गया है। इस बड़ी कार्रवाई के बाद देश के सियासी गलियारों में हलचल काफी तेज हो गई है।राजधानी दिल्ली के 24 अकबर रोड स्थित यह बंगला पिछले 48 सालों से कांग्रेस पार्टी का मुख्य केंद्र और मुख्यालय रहा है।




नई दिल्ली में बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान, विपक्षी सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे, सुप्रिया सुले, थमिझाची थंगापांडियन, मीसा भारती, महुआ माजी और अन्य ने संसद भवन परिसर में एलपीजी आपूर्ति के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया।

## बिल में एलपीजी या ईंधन शुल्क जोड़ने वाले रेस्तरां पर होगी कार्रवाई, सीसीपीए ने जारी की चेतावनी

नई दिल्ली,(आरएनएस)। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने बुधवार को होटल और रेस्तरां चलाने वालों को सख्त चेतावनी दी है कि वे ग्राहकों से एलपीजी चार्ज और ईंधन के खर्च की वसूली न करें। सीसीपीए ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत इन शुल्कों को अनुचित व्यापार व्यवहार करार देते हुए साफ किया मेन्यू में दर्ज कीमत के ऊपर केवल लागू कर ही जोड़े जा सकते हैं।सरकार का यह कदम नेशनल कंज्यूमर हेल्पलाइन पर मिली लगातार शिकायतों और मीडिया रिपोर्ट्स के बाद उठाया गया है। शिकायतों में यह बात सामने आई थी कि कई रेस्तरां मेन्यू में लिखी कीमत और लागू टैक्स के अलावा भी ग्राहकों के बिल में ईंधन के नाम पर वसूली कर रहे हैं। सीसीपीए ने इस बात पर गंभीरता से ध्यान दिया है और पाया है कि रेस्तरां ऐसा करके असल में सर्विस चार्ज से जुड़े मौजूदा नियमों से बचने की कोशिश कर रहे हैं। प्राधिकरण का मानना है कि इस तरह की प्रथाओं से न केवल पारदर्शिता खत्म होती है, बल्कि ग्राहकों पर बिना वजह का आर्थिक बोझ भी पड़ता है




## लोक सभा अध्यक्ष ने राम नवमी की पूर्व संध्या पर लोगों को बधाई दी

नई दिल्ली (आरएनएस)। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राम नवमी की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

श्री बिरला ने अपने संदेश में कहा, भारत की आस्था, श्रद्धा और सांस्कृतिक आत्मा के अमिट प्रतीक, लोकमंगल, मर्यादा, करुणा और धर्म के दिव्य आलोक से समूचे राष्ट्रजीवन को आलोकित करने वाले हम सबके आराध्य मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान प्रभु श्रीराम के पावन अवतरण दिवस श्रीराम नवमी की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ। प्रभु श्रीराम ने मानवता को त्याग, वचनबद्धता, समरसता, शौर्य और धर्ममय जीवन के ऐसे उज्ज्वल आदर्श दिए हैं, जो युगों से भारतीय चेतना के पथप्रदर्शक बने हुए हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने जन्म दिवस पर दिव्यांग बच्चों को दुलारा

### दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया जन्म दिवस : बच्चों को दिये उपहार



भोपाल(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने जन्म दिवस पर दिव्यांग बच्चों को मुख्यमंत्री निवास आमंत्रित कर स्नेहपूर्वक दूलार किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बच्चों को उपहार भी दिये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के जन्म दिवस पर विभिन्न संस्थाओं से दिव्यांग बच्चों को आमंत्रित किया गया था। आशा निकेतन बधिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोपाल, आरुषि संस्था भोपाल, शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भोपाल एवं उमंग गौरवदीप वेलफेयर सोसाइटी, भोपाल के बच्चे मुख्यमंत्री निवास पहुंचे। इनमें दृष्टि बाधित, श्रवण बाधित, बौद्धिक दिव्यांग और अति बाधित बच्चे शामिल थे।बच्चों ने अपनी विशिष्ट शैली में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अभिवादन किया। इस अवसर पर दृष्टि बाधित बालिका फाल्गुनी पुरोहित ने मधुर गीत सुनाकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव को जन्म दिवस की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बच्चों को वाद्य यंत्र पियानो, आर्ट बॉक्स और मिठाईयां भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने शिव पुराण भेंट किया।

## बस्तर में नक्सलवाद को बड़ा झटकाः 87 लाख के इनामी 18 माओवादी कैडरों का आत्मसमर्पण

जगदलपुर,(आरएनएस)। बस्तर संभाग में नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत एक बड़ी सफलता सामने आई है। 'पूना मारगेम पुनर्वास से पुनर्जीवन' पहल के अंतर्गत दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (DKSZC) से जुड़े कुल 18 माओवादी कैडरों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में वापसी की है। इन कैडरों में 7 महिला नक्सली भी शामिल हैं। आत्मसमर्पण करने वालों में संगठन के वरिष्ठ और प्रभावशाली सदस्य एसजेडसीएम पापाराव सहित डीवीसीएम अनिल ताती और डीवीसीएम प्रकाश मड़वी जैसे बड़े नाम शामिल हैं। इन सभी पर मिलाकर करीब 87 लाख रुपये का इनाम घोषित था, जिससे यह सामूहिक आत्मसमर्पण नक्सल विरोधी अभियान की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।यह कार्यक्रम बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर स्थित शौर्य भवन, पुलिस कोऑर्डिनेशन सेंटर लालबाग में आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस, केंद्रीय सुरक्षा बलों, प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, समाज के वरिष्ठ नागरिकों और आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के परिजन उपस्थित रहे।

## 13 साल की दर्द भरी जंग खत्म : नम आंखों से हरीश राणा को दी गई अंतिम विदाई, ग्रीन पार्क में हुआ अंतिम संस्कार



नई दिल्ली (आरएनएस)। इच्छा मृत्यु के बाद बुधवार को हरीश राणा को अंतिम विदाई दी गई। दिल्ली के ग्रीन पार्क में उनका अंतिम संस्कार किया गया। सुप्रीम कोर्ट से इच्छामृत्यु की अनुमति के बाद उनका एम्स में निधन हुआ था। अंतिम विदाई के दौरान माहौल बेहद भावुक रहा। परिवार, रिश्तेदारों और स्थानीय लोगों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी।2013 में एक दर्दनाक हादसे ने हरीश की जिंदगी को हमेशा के लिए बदल दिया। मात्र 19 साल की उम्र में वह कोमा में चले गए। जुलाई 2010 में हरीश ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में सिविल इंजीनियरिंग में दाखिला लिया था। वर्ष 2013 में वह अंतिम वर्ष के छात्र थे। इसी दौरान अगस्त 2013 में रक्षाबंधन वाले दिन बहन से मोबाइल फोन पर बात करते हुए पीजी की चौथी मंजिल से गिर गए थे। तब से 13 लंबे साल तक मशीनों पर सांसें, आंखें कभी-कभी झपकतीं, लेकिन बोल नहीं पाता, हिल नहीं पाता, सिर्फ परमानेंट वेजिटेटिव स्टेट (स्थायी वनस्पति अवस्था) में रहा।

## स्टेट ऑफ हॉर्मुज को कैसे पार करना है, भारतीय फ्लैग्ड शिप्स को नेवी कर रही है गाइड

नई दिल्ली (आरएनएस)। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज इस वक्त सबसे ज्यादा चर्चा और चिंता का विषय बना हुआ है। ईरान ने दुनिया की लाइफलाइन कहे जाने वाले इस रूट से गुजरने वाली ग्लोबल एनर्जी ट्रेड को बाधित कर रखा है। यहां भारत को अपने एनर्जी ट्रेड के मूवमेंट की इजाजत है। भारतीय नौसेना की मदद से भारत का एनर्जी ट्रेड धीरे-धीरे भारत पहुंच रहा है। खास बात यह है कि भारतीय नौसेना न सिर्फ टैंकरों को एस्कॉर्ट कर रही है, बल्कि उन्हें होर्मुज पार करने के लिए गाइड भी कर रही है। सरकारी अधिकारियों के मुताबिक, नेवी उन जहाजों के संपर्क में रहती है जिन्हें एक-एक करके फारस की खाड़ी से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पार कर बाहर निकलना होता है। सुरक्षा के मद्देनजर नेवी इन शिप्स को गाइड कर रही है कि कैसे और किस रास्ते



से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को पार करना है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पार करने के बाद भारतीय नौसेना के डेस्ट्रॉयर और फ्रिगेट उन्हें एस्कॉर्ट करते हुए आधे रास्ते तक सुरक्षित पहुंचा रहे हैं। भारतीय नौसेना ने पहले ही अपनी तैनाती को ओमान की खाड़ी की ओर बढ़ा दिया है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, एस्कॉर्ट ऑपरेशन लगातार जारी रहे, इसके लिए उस इलाके में पर्याप्त वॉरशिप और लॉजिस्टिक सपोर्ट तैनात किया गया है।

दुनिया भर की शिपिंग लाइंस हाइड्रोग्राफिक चार्ट के आधार पर बनी नेविगेशन प्रणाली का उपयोग करती हैं। इनके बिना समुद्र में जहाजों की आवाजाही बेहद खतरनाक हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने दावा किया है कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के पास ईरान ने अंडरवॉटर माइंस बिछाई हैं। ये माइंस किसी भी जहाज से टकराने या संपर्क में आने पर भारी नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसके अलावा कई अन्य तरह के खतरे भी हो सकते है। इसलिए नेवी भारतीय फ्लैग्ड शिप्स को सुरक्षित रूट बताने में मदद कर रही है।




## मुखर्जी काम्पलेक्स में जीना लगाने वाले को नपा ने हटाने की दी चेतावनी

### चेतावनी का दिन भर नहीं हुआ असर, अतिक्रमणकारी ने दिखा दिया ठेंगा

नर्मदापुरम (निप्र)। मुखर्जी काम्पलेक्स परिसर में अनाधिकृत रूप से लगे हुए जीना को हटाने के लिए नगर पालिका सीएमओ ने चेतावनी देते हुए स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिया है कि उक्त जीना हटा लिया जाए और नगर पालिका को सूचना दी जाए। लेकिन इस चेतावनी का असर नगर पालिका संबंधित पर बिल्कुल नहीं हुआ क्योंकि चेतावनी देने के बाद भी पूरे दिन जीना हटाने की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकीं। यह भी घोर आश्चर्य करने वाली बात है कि जब मामला जिला प्रशासन व शासन तक पहुंच चुका है। नगर पालिका ने जीना लगाने की अनुमति दी ही नहीं तब भी यदि किसी ने नगर पालिका की संपत्ति के नियमों का उलंघन करते हुए जीना लगाकर अतिक्रमण किया हो तब नगर पालिका के द्वारा उसे चेतावनी वाला पत्र दिया जाना पड़ रहा हो। या नोटिस दिया गया हो। उसके बाद भी उसे कोई डर नहीं है तब नगर पालिका की यह धमकी कितनी कामयाब होगी यह तो गुरूवार तक ही सामने देखने को मिलेगी। उसके बाद नगर पालिका स्वयं डरती है या कुछ करती है यह देखना है। मामला अनेक बार जनसुनवाई में सीएम हेल्प लाइन के बाद विभागीय मंत्री तक पहुंच चुका है। तब नगर पालिका नोटिस देकर क्या खानापूर्ति कर रही है या वास्तव में कुछ करना चाहती है। कहीं लिखित में पत्र देकर नगर पालिका अपना बचाव तो नहीं कर रही है कि लिखित में चेतावनी दे दी जाए और मौखिक रूप से कुछ और कह दिया जाए। यह तो अब आने वाले दिनों में नगर पालिका की प्रतिक्रिया ही बताएगी। क्योंकि अभी तक तो ऐसा लग रहा है कि नगर पालिका के चेतावनी भरे पत्र दिए जाने के बाद भी संबंधित द्वारा जीना नहीं हटाए जाने पर उसने मानों नगर पालिका को ठेंगा दिखा दिया हो कि जो बने से करलो मैं नहीं हटा रहा हूं।

## डीएपी के वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग के लिए किसानों को निरंतर प्रोत्साहित किया जाए : कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना

### कलेक्टर ने कृषि, उर्वरक वितरण, नरवाई प्रबंधन एवं गेहूं उपार्जन सहित अन्य जनहित योजनाओं की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने बुधवार को विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित जनहितकारी योजनाओं, विभागीय कार्यों एवं निर्धारित लक्ष्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर अनिल जैन, उपसंचालक कृषि रविकांत सिंह, जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती रश्मि साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों की योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि किसानों को डीएपी के वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग के प्रति लगातार जागरूक किया जाए तथा उन्हें इसके उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने मार्कफेड एवं सहकारिता विभाग को कृषि विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर इस कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। साथ ही ई-विकास पोर्टल पर खाद हेतु जारी टोकन में दर्ज फसल का अनिवार्य सत्यापन सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि आवश्यकता से अधिक खाद का भंडारण न हो, इसके लिए संबंधित विभाग सतत निगरानी रखें। दूरस्थ क्षेत्रों में खाद की सुगम उपलब्धता हेतु कैश सेल पॉइंट के माध्यम से वितरण के लिए कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिए।कलेक्टर ने फसल कटाई उपरांत नरवाई प्रबंधन की समीक्षा करते हुए हार्वेस्टर के साथ एसएमएस अटैचमेंट के उपयोग को बढ़ावा देने तथा कृषि यंत्रों के माध्यम से फसल अवशेष प्रबंधन को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि, पशुपालन एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग को समन्वित प्रयासों से गौशालाओं एवं डेयरी के लिए भूसे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में भावांतर योजना अंतर्गत सरसों सहित अन्य फसलों के पंजीयन एवं रकबे की भी समीक्षा की गई।कलेक्टर ने पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी की उपलब्धता को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रांति की स्थिति न बने, इसके लिए समय-समय पर आवश्यक जानकारी का प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही पेट्रोल पंप एवं एलपीजी वितरण केंद्रों की नियमित जांच कर कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, पर ड्रॉप मोर क्रॉप, उद्यानिकी फसलों के क्लस्टर विस्तार, पीएमएफएमई योजना, भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना तथा मत्स्य पालन में आधुनिक तकनीकों के उपयोग की प्रगति की भी समीक्षा की।





# रामनवमी से भोपाल-ओरछा हेलीकॉप्टर सेवा होगी प्रारंभ : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

*प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में सेवा के संकल्पों के साथ आगे बढ़ रहा है देश*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव के जन्म दिवस पर हुआ 1100 बालिकाओं का कन्या-पूजन और कन्या भोज*



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा के संकल्पों के साथ देश आगे बढ़ रहा है। देश-प्रदेश के विकास और समृद्धि के लिए सशक्त कदम उठाना और उस मार्ग पर लगातार चलते रहना भी सेवा ही है। समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाने के लिए राज्य सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। बच्चों की पढ़ाई, युवाओं को रोजगार, कृषि को लाभदायक बनाने और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं संचालित हैं। जनकल्याण और विकास निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और राज्य सरकार समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोजपाल महोत्सव मेला समिति द्वारा मानस भवन में आयोजित सेवा दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर आयोजित 1100 कन्याओं के पूजन तथा कन्या भोज कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कन्याओं को उपहार स्वरूप स्कूल बैग, लंच बॉक्स, कम्पॉस बॉक्स तथा वॉटर बॉटल प्रदान की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का गजमाला से अभिनंदन कर गदा भेंट की। इस अवसर पर सेवा भारती संस्था को सेवा कार्य के लिए एक लाख रूपए का चैक भी सौंपा गया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार रामनवमी के पावन पर्व पर भोपाल से ओरछा तक की हेलीकॉप्टर सेवा आरंभ करने जा रही है। सनातन संस्कृति को प्रतिबद्ध राज्य सरकार की यह श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधा होगी। प्रदेश के विभिन्न तीर्थ स्थलों पर भी दर्शन की सुगमता और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। कार्यक्रम में विकास वीरानी, भोजपाल महोत्सव मेला समिति के अध्यक्ष सुनील यादव तथा बड़ी संख्या में स्थानीयजन उपस्थित थे।

## सिनेमा देखना भी एक कलाः बॉलीवुड अभिनेता राजीव वर्मा

*भोपाल,(निप्र)। सिनेमा देखना भी एक कला है। खासकर जो विद्यार्थी फिल्में बना रहे हैं उनमें सिनेमा देखने से विषयों के चयन की समझ बढ़ती है। विद्यार्थियों की बनाई फिल्में उनके शिक्षक और मार्गदर्शक देखें और उसकी विवेचना करें। यह कार्य पत्रकारिता में भी होता है। जो भी खबरें लिखी जाती हैं उनका विश्लेषण भी किया जाता है। इससे विषयों की समझ बढ़ती है। फिल्में बनाने वाले विद्यार्थियों को भी यह अभ्यास करना चाहिए । फिल्म देखना, उसे पसंद करना और फिर उसकी विवेचना करना बहुत जरूरी है।एमसीयू के सिनेब्रेशन 3.0 कार्यक्रम में प्रख्यात बॉलीवुड अभिनेता राजीव वर्मा ने उक्त बातें विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई फिल्मों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में और उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया।माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के सिनेमा और जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म उत्सव एवं फिल्म प्रदर्शनी समारोह सिनेब्रेशन 3.0 का शुभारंभ मंगलवार को हुआ।*

*कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी, प्रख्यात फिल्म अभिनेता राजीव वर्मा तथा मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय के निदेशक संजय श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई।*



राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल से पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने आज लोकभवन में सौजन्य भेंट की

## उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने एम्स भोपाल में उपचाररत मरीजों एवं उनके परिजनों से मिलकर कुशलक्षेम लिया

भोपाल (निप्र)।उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने एम्स भोपाल पहुंचकर उपचाररत मरीजों एवं उनके परिजन से भेंट की और मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिल रही उपचार सुविधाओं की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने परिजनों से भी संवाद कर अस्पताल में उपलब्ध व्यवस्थाओं, दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई और चिकित्सकीय सेवाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया कि मरीजों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं समयबद्ध और संवेदनशील तरीके से उपलब्ध कराई जाएं।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत, एक अन्य गंभीर

भोपाल,(निप्र.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के शाहपुरा इलाके में मंगलवार देर रात हुए एक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें एक युवक की मौत हो गई, जबकि उनका साथी गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है।जानकारी के अनुसार, 45 वर्षीय राजेश कजलीखेड़ा इलाके के रहने वाले थे और मेनिट परिसर स्थित एक छात्रावास में साफ-सफाई का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। मंगलवार रात वे अपने साढ़ू के साथ जाटखेड़ी में रहने वाले भाई के घर गए थे। खाना खाने के बाद दोनों देर रात करीब 1:30 बजे वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान जब दोनों रोहित नगर पुलिया के पास पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने राजेश को मृत घोषित कर दिया।




उनके साथी की हालत नाजुक बनी हुई है।बताया जा रहा है कि हादसे के बाद कार चालक ही दोनों घायलों को अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन वहां छोड़ने के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है और आरोपी चालक की तलाश जारी है। राजेश की असामयिक मौत से परिवार गहरे सदमे में है। वह मेहनत-मजदूरी कर अपने घर का सहारा थे। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद उनका शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मप्र में 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित, हर बार की तरह बेटियां आगे

## - पांचवीं में 95.14 और आठवीं में 93.83 फीसदी बच्चे हुए उत्तीर्ण

भोपाल (निप्र)। मध्य प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षाओं का परिणाम बुधवार को घोषित कर दिया गया। इस साल पांचवीं के 95.14 फीसदी और आठवीं के 93.83 प्रतिशत बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं। हर बार की तरह दोनों कक्षाओं में छात्रों की तुलना में छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है।प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने मंत्रालय (वल्लभ भवन) में एक कार्यक्रम के दौरान बटन दबाकर यह परिणाम घोषित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस वर्ष दोनों कक्षाओं का रिजल्ट संतोषजनक रहा है और पिछले वर्षों की तुलना में गुणवत्ता में सुधार देखने को मिला है। कक्षा 5वीं में 95.14 प्रतिशत और कक्षा 8वीं में 93.83 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। खास बात यह रही कि इस बार छात्राओं का प्रदर्शन छात्रों की तुलना में बेहतर रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों ने भी शानदार सफलता हासिल की है।मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बताया कि कक्षा 5वीं में 96.19 प्रतिशत छात्राएं और 94.15 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं कक्षा 8वीं में 94.98 प्रतिशत छात्राएं और 92.74 प्रतिशत छात्र सफल रहे हैं। यह आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं और नई ऊंचाइयों को छू रही हैं।कक्षा 5वीं के परिणामों में शहडोल संभाग ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि जिलों में नरसिंहपुर अव्वल रहा। इसके अलावा डिंडोरी, बालाघाट, झाबुआ और अलीराजपुर जैसे जिले भी टॉप सूची में शामिल रहे। कक्षा 8वीं




में इंदौर संभाग ने बाजी मारी और जिलों में नरसिंहपुर शीर्ष स्थान पर रहा। अलीराजपुर, डिंडोरी और झाबुआ जैसे जिलों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।इस बार परीक्षा परिणाम देखने की प्रक्रिया को इस बार बेहद आधुनिक और आसान बनाया गया है। छात्र और अभिभावक राज्य शिक्षा केंद्र के पोर्टल पर जाने के अलावा, विभाग द्वारा जारी क्यूआर कोड को स्कैन करके भी सीधे अपना रिजल्ट देख सकते हैं। इसके अतिरिक्त, स्कूल के प्राचार्य भी पोर्टल के माध्यम से अपने पूरे संस्थान का विद्यार्थीवार प्रदर्शन चेक कर सकेंगे।राज्य शिक्षा केंद्र की आधिकारिक वेबसाइट पर रिजल्ट जारी होते ही भारी ट्रैफिक देखने को मिला। प्रति मिनट एक लाख से अधिक लोगों ने अपने परिणाम देखे। इस बार तकनीकी व्यवस्था को मजबूत किया गया था, जिसके चलते लाखों विद्यार्थियों और अभिभावकों ने बिना किसी परेशानी के आसानी से रिजल्ट देखा और डाउनलोड किया।स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि जो विद्यार्थी किसी विषय में असफल हुए हैं, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। जल्द ही पूरक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी, जिसमें छात्र केवल उसी विषय की पुनः परीक्षा दे सकेंगे, जिसमें वे असफल रहे हैं।

## हनुमानगंज थाना परिसर में खड़े जब्त वाहनों में लगी आग, 6 वाहन जलकर खाक



भोपाल,(निप्र.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के हनुमानगंज थाना परिसर में बुधवार सुबह अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। थाने में खड़े जब्त वाहनों में लगी इस आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया, जिससे परिसर में मौजूद पुलिसकर्मियों में हड़कंप की स्थिति बन गई।

घटना बुधवार सुबह करीब 9 बजे की बताई जा रही है। आग लगते ही पुलिसकर्मियों ने तत्काल अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश शुरू की और साथ ही फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने तेजी से राहत कार्य शुरू किया। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक आधा दर्जन से अधिक जब्त वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो चुके थे।

हनुमानगंज थाना प्रभारी अवधेश सिंह भदोरिया के अनुसार, प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह पास स्थित इलेक्ट्रिक पोल में हुए शॉर्ट सर्किट को माना जा रहा है। इसी से उठी चिंगारी ने पास खड़े वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। फिलहाल आग पूरी तरह नियंत्रित कर ली गई है और स्थिति सामान्य है।

## सरकारी अस्पतालों में मरीजों को दी जा रही अमानक दवाएं

**- जनवरी-फरवरी में नौ दवाएं और एक ब्लड ग्रुपिंग किट मिली अमानक**

भोपाल (ए.)। मप्र में एक तरफ सरकारी अस्पतालों को हाईटेक बनाया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ अस्पतालों में मरीजों को अमानक दवाएं दी जा रही हैं। आलम यह है कि सरकारी अस्पतालों में पहुंचने वाली दवाओं की जांच रिपोर्ट जब तक आती है, तब तक मरीजों में दवाएं बंट जाती हैं। कई बार स्थिति यह सामने आई है कि कोई दवा अमानक निकली है, उससे पहले मरीज उसका सेवन कर चुके होते हैं। अगर पिछले दो माह यानी जनवरी-फरवरी की बात करें तो नौ दवाएं और एक ब्लड ग्रुपिंग किट अमानक मिल चुकी हैं। बड़ी बात यह है कि इनमें छह एंटीबायोटिक हैं, जो संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए उपयोगी हैं।

गौरतलब है कि मध्य प्रदेश के शासकीय अस्पतालों में रोगियों को बांटी जाने वाली दवाओं के लिए राज्य पब्लिक हेल्थ सप्लाई कारपोरेशन दवाओं की खरीदी के लिए कंपनियों से अनुबंध करता है। खरीदी आदेश जिले अपनी आवश्यकता के अनुसार जारी करते हैं। दवा आपूर्ति करने वाली कंपनी तैयार दवाएं, उपकरण या अन्य उत्पाद की जांच सबसे पहले खुद की लैब में करती है, जो ड्रग एवं कॉस्मेटिक एक्ट के अंतर्गत आवश्यक शर्त है। दूसरी जांच कंपनी को अन्य नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर लैबोरेट्री (एनएबीएल) मान्यता प्राप्त लैब से करानी होती है।

## भोपाल में भीषण सड़क हादसाः कार-ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर में 3 दोस्तों की मौत, एक गंभीर

भोपाल,(निप्र.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने तीन परिवारों की खुशियां छीन लीं। ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र के निपानिया इलाके में कार और भूसे से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की आमने-सामने टक्कर में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका एक दोस्त गंभीर रूप से घायल है।पुलिस के मुताबिक, गुलाब मेहर चंदेरी गांव के सचिव हैं। उनकी पत्नी रेखा सरपंच हैं। उनका बेटा हर्ष मेहर (23), सतीश मेहर (26), लकी अहिरवार (26) और योगेश उर्फ गब्बर सेन (27) देर रात करीब 11:30 बजे चाय पीने के लिए गांव से निकले थे। कुछ ही दूरी पर सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी कार की सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार युवक अंदर ही फंस गए। हादसे में हर्ष मेहर, सतीश मेहर और लकी अहिरवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि योगेश सेन गंभीर रूप से घायल है और अस्पताल में उसका इलाज जारी है। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।बताया जा रहा है कि टक्कर के बाद कार इतनी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी कि रेस्क्यू टीम को गाड़ी काटकर शवों और घायल को बाहर निकालना पड़ा। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली की केवल एक हेडलाइट जल रही थी, जिससे अंधेरे में सामने से आ रहे वाहन का सही अंदाजा नहीं लग सका। तेज रफ्तार भी हादसे की एक वजह मानी जा रही है। लकी सागौनी गांव बैरसिया रोड का रहने वाला था और खेती करता था। हर्ष मेहर ग्राम काछी बरखेड़ा का निवासी और बी. कॉम फाइनल ईयर का छात्र था। वह परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी एक बड़ी बहन है। हादसे के समय वही कार चला रहा था। कार भी उसी की थी। सतीश मेहर ग्राम काछी बरखेड़ा का रहने वाला था। वह पिता के साथ खेती करता था। परिवार में दूसरे नंबर का था, उससे बड़ा भाई और छोटी बहन है। योगेश सेन उर्फ गब्बर सेन काछी बरखेड़ा का है। वह गंभीर रूप से घायल है, उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। योगेश भी अपने पिता के साथ खेती करता था।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है, जबकि ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक की तलाश जारी है। यह हादसा एक बार फिर याद दिलाता है कि सड़क पर छोटी सी लापरवाही भी कितना बड़ा हादसा बन सकती है।

## मंत्री श्री सारंग ने एशियन गेम्स के लिये तैयारियाँ की शुरु

### वॉटर स्पोर्ट्स के प्रत्येक खेल के प्रशिक्षकों से किया वन-टू-वन संवाद

भोपाल,(निप्र.)। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने एशियन गेम्स में होने वाले वॉटर स्पोर्ट्स के प्रशिक्षकों से वन-टू-वन संवाद कर कहा कि प्रत्येक खेल में मध्यप्रदेश के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करें, इसके लिये विशेष प्रशिक्षण दिया जाये। उन्होंने खिलाड़ियों की जरूरत और सुविधाओं पर ध्यान देने के निर्देश दिये। राज्य सरकार की ओर से किसी भी प्रकार की सुविधा या अपेक्षा हो, तो तत्काल बतायें। किसी भी प्रकार की परेशानी या समस्या होने पर भी नियुक्त अधिकारी से सतत सम्पर्क करें। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश की वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी में विश्व स्तर की सुविधाएँ उपलब्ध हैं। इन सुविधाओं का अधिकतम उपयोग करते हुए खिलाड़ियों को विशेष रूप से तैयार करें। मंत्री श्री सारंग बुधवार को टी.टी. नगर स्टेडियम के मेजर ध्यानचंद हॉल में विभागीय अधिकारियों और प्रशिक्षकों के साथ सितम्बर माह में होने वाले एशियन गेम्स के संबंध में चर्चा कर रहे थे। उन्होंने वन-टू-वन संवाद कर प्रशिक्षण व्यवस्थाओं, खिलाड़ियों की प्रगति और आवश्यक संसाधनों की स्थिति की जानकारी प्राप्त की।

## पीएम राहत और राहवीर योजना पर स्वास्थ्य की कार्यशाला, सड़क दुर्घटना में मिलेगा डेढ़ लाख तक का कैशलेश उपचार

भोपाल,(निप्र.)। पीएम राहत (सड़क दुर्घटना पीड़ितों का कैशलेस उपचार) एवं राहवीर योजना के उन्मुखीकरण के लिए स्वास्थ्य विभाग भोपाल द्वारा बुधवार को कार्यशाला आयोजित की गई।कार्यशाला में जिले के पंजीकृत अस्पतालों को पीएम राहत और राहवीर योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस विभाग से डीआईजी मोनिका शुक्ला, डीसीपी ट्रैफिक जितेंद्र पवार, एसीपी देवेंद्र यादव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. मनीष शर्मा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भारती चौकसे, आयुष्मान भारत योजना से डॉ.अंकित परिहार, डॉ. नवीन दीवान द्वारा योजना की जानकारी दी गई। पीएम राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना के प्रत्येक पात्र पीड़ित को दुर्घटना की तिथि से 7 दिनों की अवधि तक प्रति व्यक्ति 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार प्रदान किया जाएगा। साधारण दुर्घटना वाले मामलों में अधिकतम 24 घंटे तक तथा गंभीर मामलों में अधिकतम 48 घंटे तक स्टेबलाइजेशन उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। यह सुविधा एकीकृत डिजिटल प्रणाली पर पुलिस प्रमाणीकरण के अधीन होगी। राहवीर योजना में दुर्घटना में घायलों को उपचार के लिए लाने वाले राहवीर को 25 हजार की राशि दी जाएगी। अध्ययनों से संकेत मिलता है कि यदि दुर्घटना पीड़ितों को पहले एक घंटे के भीतर अस्पताल में भर्ती करा दिया जाए, तो लगभग 50 प्रतिशत मौतों को टाला जा सकता है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य यह है कि सड़क दुर्घटना के बाद तत्काल चिकित्सीय सहायता के अभाव में किसी भी व्यक्ति को जान नहीं गंवानी पड़े।



# मांगलिक भवनों का निर्माण गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में करें पूर्ण : उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा

## मल्हारगढ़ में लगभग 11 करोड़ के निर्माण कार्यों का हुआ लोकार्पण एवं भूमि-पूजन



मंदसौर ( आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने मंदसौर जिले के मल्हारगढ़ में लगभग 11 करोड़ रुपये के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्यों की सतत निगरानी की जाएं और गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाएं। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि शासकीय राशि को अपनी राशि समझकर कार्य करें और सभी मांगलिक भवन निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं।

उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि 42 मांगलिक भवनों के अतिरिक्त 60 और भवन स्वीकृत किए गए हैं, जिनका निर्माण लगभग 15 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मल्हारगढ़ एवं पिपलिया मंडी में फ्लाई-ओवर निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ होंगे। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने बताया कि दिसंबर 2026 तक गांधी सागर परियोजना का पानी हर खेत तक पहुंचाने का लक्ष्य है, जिससे सिंचाई सुविधा में विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि नारायणगढ़ एवं बूढ़ा में सांदीपनी विद्यालय तथा मल्हारगढ़ में बालिकाओं के लिए छात्रावास का निर्माण भी कराया जाएगा। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टीबी मरीजों को फूॅड बास्केट वितरित किए तथा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किए। साथ ही उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर ग्राम ढिकन्या में 37 लाख 50 हजार रुपए की लागत से निर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण किया गया, उन्होंने 10 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से बनने वाले 42 मांगलिक भवनों का भूमि-पूजन भी किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, जिला योजना समिति के सदस्य राजेश दीक्षित सहित जन-प्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उज्जैन भस्म आरती दर्शन, भांग-चंदन से राजा स्वरुप में सजे बाबा महाकाल



उज्जैन,(ए.)। मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में बुधवार तड़के भस्म आरती के दौरान भगवान महाकाल का दिव्य और आकर्षक श्रृंगार किया गया। प्रात: लगभग 4 बजे मंदिर के कपाट विधि-विधान के साथ खोले गए, जिसके बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कपाट खुलते ही सबसे पहले वीरभद्र जी को प्रणाम कर स्वस्तिवाचन किया गया। परंपरा अनुसार अनुमति लेकर चांदी द्वार खोला गया और गर्भगृह के पट खोलकर भगवान का पूर्व श्रृंगार उतारा गया। इसके बाद जलाभिषेक एवं पंचामृत (दूध, दही, घी, शहद और फलों के रस) से अभिषेक पूजन संपन्न हुआ। अभिषेक के पश्चात भगवान महाकाल का भांग, चंदन, सिंदूर और सुगंधित पुष्पों से विशेष श्रृंगार किया गया। मस्तक पर चांदी का बेलपत्र अर्पित किया गया। साथ ही रजत मुकुट, शेषनाग मुकुट, मुण्डमाल और रुद्राक्ष की मालाओं से बाबा को राजाधिराज स्वरूप में अलंकृत किया गया।भोग में ड्रायफ्रूट, फल और मिठाइयाँ अर्पित करने के बाद भस्म आरती की मुख्य प्रक्रिया संपन्न हुई।

## नव संवत्सर में पत्रकारो ने समारोह पूर्वक मनाया वार्षिकोत्सव

झाबुआ,(आरएनएस)। नव संवत्सर हिंदू नववर्ष के मौके पर मध्य प्रदेश के जनजातीय बाहुल्य झाबुआ जिले के थान्दला स्थित श्री अंबिकेश्वर महादेव मंदिर सभागार में मंगलवार देर शाम स्थानीय पत्रकारों द्वारा समारोह पूर्वक वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पत्रकार संघ के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश भट्ट, विशेष अतिथि जिला बाल कल्याण समिति के निवृत्त अध्यक्ष अशोक अरोड़ा एवं ट्रायबल वैलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के जिला संयोजक जसवंत डामोर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदुस्थान समाचार बहुभाषी न्यूज एजेंसी के झाबुआ संवाददाता द्वारा की गई। समारोह में शामिल हुए हिंदू महासभा के संभागीय संयोजक एवं पत्रकार निरंजन भारद्वाज शर्मा, धीरज वाघेला एवं गोपाल प्रजापति द्वारा अतिथियों का अभिनंदन करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

# खंबे में बिजली का तार लगाते समय करंट लगने से युवक की मौत

जबलपुर, (ए.)। तिलवारा थाना अतंर्गत शाहनाला पुलिया के आगे बिल्लाबोंग स्कूल तिराहा तिलवारा रोड़ किनारे लगे खंबे में बिजली का तार लगाते समय करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई7 पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।



तिलवारा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत शाम लगभग 6.30 बजे शाहनाला पुलिया के आगे बिल्लाबोंग स्कूल तिराहा तिलवारा रोड़ किनारे लगे खंबे में बिजली का तार लगाते समय करंट लगने से ग्राम हिनोतिया टोला चौकी गौर बरेला निवासी 40 वर्षीय मुकेश मरावी की मौत हो गई। सूचना मिलते ही मृतक का भतीजा रोहित मरावी मौके पर पहुंचा और अपने चाचा मुकेश मरावी को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने चैक कर मुकेश मरावी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मामला जांच में लिया गया।

# संभागायुक्त व कलेक्टर ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता देखी

**संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह ने सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत नवीन सड़क निर्माण व मार्ग चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया**

उज्जैन (आरएनएस)। सिंहस्थ महापर्व 2028 के तहत विभिन्न विभागों के माध्यम से प्रचलित निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण के तहत बुधवार को सुबह संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह एवं कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने विभिन्न सड़क निर्माण व मार्ग चौड़ीकरण कार्यों का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान संभागायुक्त श्री सिंह एवं कलेक्टर श्री सिंह ने सड़क निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री की क्वालिटी देखी और संबंधित एजेंसी को निर्माण सामग्री में गुणवत्ता का ध्यान रखने के साथ कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन



कुमार सिंह ने निरीक्षण के दौरान सबसे पहले सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत प्रचलित जीवन खेड़ी से सिकंदरी तक सड़क निर्माण कार्य की स्थिति देखी। इस दौरान निर्माण एजेंसी और संबंधित विभाग के अधिकारियों से कार्य प्रगति की जानकारी ली। मौके पर जानकारी दी गई कि जीवनखेड़ी से सिकंदरी तक 3.2 किलोमीटर लंबे और 30 मीटर चौड़ाई के नवीन सड़क निर्माण का कार्य प्रगतिरत है। सड़क निर्माण में डीएसबी का कार्य किया गया है। संभागायुक्त श्री सिंह ने मौके पर ही विभागीय अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्य की जीआई मैपिंग कर सेंट्रल लाइन के साथ कार्य प्रारंभ करने के साथ ही मुआवजा प्रकरण का निराकरण जल्दी करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्माण एजेंसी से कार्य निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## मुख्य डाकघर और पासपोर्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी

जबलपुर, (ए.)। शहर के मुख्य डाकघर और पासपोर्ट कार्यालय में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब संदिग्ध ई-मेल के जरिए कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। प्रवर डॉक अधीक्षक द्वारा इस घटना की सूचना तत्काल सिविल लाइन पुलिस को दी गई। पुलिस बल डॉग स्क्वाड और बम निरोधक दस्ते के साथ मौके पर पहुंचा। कार्यालय के चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई और पार्सल के डिब्बों को मैटल डिटेक्टर लगाकर चैक किया गया, लेकिन कही कोई संदिग्ध वस्तु और विस्फोटक सामग्री नहीं मिली सिविल लाईन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर 12.15 बजे सिविल लाईन संभागायुक्त स्थित मुख्य डाकघर के प्रवर अधीक्षक की मेल में एक धमकी भरा संदेश आया, जिसमें लिखा था कि मुख्य डाकघर और पास पोर्ट कार्यालय को बम से उड़ा दिया जायेगा।

# व्यापार समाचार

## अब खाना ऑर्डर करने पर देने होंगे ज्यादा पैसे, जोमैटो के बाद स्विगी ने बढ़ाई प्लेटफॉर्म फीस

नई दिल्ली (ए.)। फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने खाना ऑर्डर करने पर लगने वाली प्लेटफॉर्म फीस को 17 प्रतिशत बढ़कर 17.58 रुपए प्रति ऑर्डर (जीएसटी सहित) कर दिया है, जो पहले 14.99 रुपए थी।

स्विगी ऐप की बिलिंग के अनुसार, प्लेटफॉर्म फीस में करीब 17 प्रतिशत या 2.59 रुपए का इजाफा हुआ है। कंपनी का कहना है कि यह वृद्धि प्लेटफॉर्म के संचालन और रखरखाव में मदद करने के उद्देश्य से की गई है। इससे पहले स्विगी ने अगस्त 2025 में स्विगी ने प्लेटफॉर्म फीस में करीब 2 रुपए की वृद्धि की थी, जो कि पहले 12 रुपए थी। इससे पहले अन्य फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो ने प्लेटफॉर्म फीस में इजाफा किया था। जोमैटो ने प्लेटफॉर्म फीस में 19.2 प्रतिशत या 2.40 रुपए प्रति ऑर्डर का इजाफा किया था।




बढ़ोतरी के बाद नई प्लेटफॉर्म फीस 14.90 रुपए प्रति ऑर्डर (जीएसटी से पहले) हो गई है, जो कि पहले 12.5 रुपए थी। जीएसटी सहित अब फीस 17.58 रुपए प्रति ऑर्डर हो गई है। प्लेटफॉर्म फीस में बढ़ोतरी ऐसे समय पर हुई है, जब हाल ही में एलपीजी की कीमतों में इजाफा हुआ है, जिससे रेस्तरां की लागत में बढ़ोतरी देखी गई है। इससे पहले जोमैटो ने आखिरी बार सितंबर 2025 में प्लेटफॉर्म शुल्क में बदलाव किया था। इससे पहले, फरवरी 2025 में, जोमैटो ने त्योहारी सीजन के दौरान प्लेटफॉर्म शुल्क को 6 रुपए प्रति ऑर्डर से बढ़ाकर 10 रुपए प्रति ऑर्डर कर दिया था।

## पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेतों के बीच कीमती धातुओं ने पकड़ी रफ्तार, सोना 3 प्रतिशत उछला तो चांदी में 5 प्रतिशत की तेजी

मुंबई ,(ए.) ।पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव कम होने की उम्मीदों के बीच हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को कीमती धातुओं (सोने-चांदी) की कीमतों में उछाल देखने को मिली।

अंतरराष्ट्रीय बुलियन कीमतों में तेजी के बाद सोने और चांदी की कीमतों ने कारोबार की शुरुआत जोरदार उछाल के साथ की।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट वाला सोना पिछले बंद भाव 1,38,912 रुपए के मुकाबले 3 प्रतिशत बढ़कर 1,43,079 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला, जबकि मई कॉन्ट्रैक्ट वाली चांदी अपने पिछले बंद भाव 2,23,941 के मुकाबले 4 प्रतिशत बढ़कर 2,32,898 प्रति किलोग्राम पर खुली। हालांकि खबर लिखे जाने तक (सुबह करीब 10.16 बजे) एमसीएक्स पर 2 अप्रैल की डिलीवरी वाला सोना 3.96 प्रतिशत यानी 5,498 रुपए के उछाल के साथ 1,44,410 रुपए पर था, तो वहीं 5 मई की डिलीवरी वाली चांदी 5.49 प्रतिशत यानी 12,291 रुपए की तेजी के साथ 2,36,232 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रही थी।बीते कारोबारी दिन मंगलवार को एमसीएक्स गोल्ड अप्रैल वायदा 0.03 प्रतिशत गिरकर 1,38,912 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ, जबकि एमसीएक्स सिल्वर मई वायदा 0.43 प्रतिशत गिरकर 2,23,941 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ।बुधवार को 2 अप्रैल की डिलीवरी वाला सोना खुलने के बाद एक समय 1,44,570 रुपए के उच्चतम स्तर तो एक समय 1,43,079 रुपए प्रति 10 ग्राम के दिन के निम्नतम स्तर तक पहुंचा।

# सरकार ने किया को-ऑपरेटिव डिविडेंड इनकम पर बड़ा ऐलान, तीन साल तक मिलेगी टैक्स छूट

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार की ओर से बुधवार को को-ऑपरेटिव डिविडेंड इनकम पर बड़ा ऐलान किया गया। अब नेशनल को-ऑपरेटिव फेडरेशन से आने वाली डिविडेंड आय पर तीन साल की टैक्स छूट मिलेगी। इस कदम का उद्देश्य देश के छोटे को-ऑपरेटिव को मजबूत करना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में कहा कि इस टैक्स छूट का उद्देश्य को-ऑपरेटिव में कम हिस्सेदारी वाले सदस्यों को प्रोत्साहन देना है, जिससे अधिक संख्या में लोग को-ऑपरेटिव से जुड़े। वित्त मंत्री ने कहा कि को-ऑपरेटिव, एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) और किसान मिलकर देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने और रोजगार के अवसर पैदा करने में अहम भूमिका निभाएंगे।फाइनेंस बिल पर चर्चा के दौरान बोलते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि समावेशी विकास के लिए लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), किसानों और को-ऑपरेटिव को सशक्त बनाना आवश्यक है। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, ये क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, और विभिन्न उद्योगों और क्षेत्रों में रोजगार सृजन में सहायक हैं। वित्त मंत्री ने फाइनेंस बिल में डेटा सेंटर सेवाओं



से संबंधित एक नए प्रावधान के बारे में भी बताया। वित्त मंत्री के मुताबिक, सेफ हार्बर नियम के तहत, संबंधित विदेशी संस्थाओं को ऐसी सेवाएं प्रदान करने वाली भारतीय कंपनियों को लागत पर 15 प्रतिशत का मार्जिन मिलेगा।

सीतारमण ने कहा, इससे यह सुनिश्चित होगा कि भारत में परिचालन वास्तविक और लाभदायक बना रहे, साथ ही वास्तविक व्यावसायिक गतिविधि के बिना फर्जी संस्थाओं के निर्माण को रोका जा सकेगा।सरकारी वित्त को लेकर उठ रही चिंताओं को दूर करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि कुछ मामलों में केंद्र ने उपकर और अधिभार के रूप में एकत्र की गई राशि से अधिक खर्च किया है, जो दर्शाता है कि निधियों का उपयोग जन कल्याण के लिए किया जा रहा है। वित्त मंत्री सीतारमण ने आगे घोषणा की कि तकनीकी चूक के लिए लगने वाले जुर्माने को अब निश्चित शुल्क में परिवर्तित कर दिया जाएगा।

वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, इस कदम से व्यवसायों के लिए अनिश्चितता कम होने और अनुपालन आसान होने की उम्मीद है।एक अन्य उपाय के रूप में, सरकार ने हवाई अड्डों पर विवादों को कम करने और यात्रियों के लिए प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए यात्री भत्तों को युक्तिसंगत बनाया है। वित्त मंत्री ने कहा कि इन उपायों का उद्देश्य प्रमुख क्षेत्रों को मजबूत करना, व्यापार करने में आसानी को बेहतर बनाना और यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक विकास से समाज के व्यापक वर्ग को लाभ मिले।

## भारतीय शेयर बाजार में लौटी रौनक; निवेशकों ने कमाए करीब 8 लाख करोड़ रुपए

मुंबई (ए.) ।सोमवार की बड़ी गिरावट के बाद मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार में जोरदार तेजी देखने को मिली और घरेलू बाजार के प्रमुख बेंचमार्क निफ्टी और सेंसेक्स 1.5 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ गए।

ऑटो और बैंक शेयरों ने बाजार को समर्थन दिया, जिससे दोनों प्रमुख बेंचमार्क अपने दिन के उच्चतम स्तर के करीब बंद हुए। दोनों पक्षों के विरोधाभासी बयानों के बीच अमेरिका-ईरान युद्ध में तनाव कम होने की उम्मीद से निवेशकों में जोखिम भावना में सुधार हुआ।

बाजार बंद होने के समय एनएसई निफ्टी50 399.75 अंक या 1.78 प्रतिशत बढ़कर 22,912.40 पर था, तो वहीं बीएसई सेंसेक्स 1.89 प्रतिशत या 1,372.06 अंकों की बढ़त के साथ 74,068.45 पर था। इंट्रा-डे कारोबार में सेंसेक्स 74,212.47 पर खुलकर एक समय 74,489.39 के दिन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, तो वहीं निफ्टी50 22,878.45 पर खुलकर एक समय 23,057.30 को टच कर गया था।

व्यापक बाजारों ने बेंचमार्क सूचकांकों से बेहतर प्रदर्शन किया। निफ्टी मिडकैप में जहां 2.60 प्रतिशत की तेजी आई, तो वहीं निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में 2.63 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

# सिगरेट की हर कश में जल रही आपकी गाढ़ी कमाई, आज ही छोड़ें तो इतने सालों में बन जाएंगे लखपति



नई दिल्ली (ए.) । हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में खर्चों की कई ऐसी छोटी-छोटी आदतें होती हैं, जिन पर अक्सर हमारा ध्यान नहीं जाता। इनमें सबसे बड़ा और खतरनाक नाम है सिगरेट। यह जानलेवा लत सिर्फ आपके स्वास्थ्य को ही अंदर से खोखला नहीं कर रही है, बल्कि आपकी जीवनभर की वित्तीय स्थिति को भी दीमक की तरह चाट रही है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि अगर सिगरेट के धुएं में उड़ने वाली इस भारी-भरकम रकम को तुरंत रोककर सही जगह निवेश कर दिया जाए, तो भविष्य के लिए एक बेहद मजबूत आर्थिक दीवार तैयार की जा सकती है।

दो दशकों में आसमान पर पहुंचे सिगरेट के दाम

अगर पिछले दो दशकों के आंकड़ों पर नजर डालें, तो सिगरेट की कीमतों में बेतहाशा और चौंकाने वाली वृद्धि हुई है। साल 2005 में सिगरेट का जो पैकेट महज 59 रुपये में मिला करता था, आज साल 2026 में उसकी कीमत 480 रुपये के पार जा पहुंची है। महंगाई की इस डराने वाली रफ्तार को देखें तो पिछले 21 वर्षों में इसके दामों में 713 फीसदी का भारी उछाल आया है। आंकड़ों के मुताबिक, साल 2010 में यह 96 रुपये, 2015 में 200 रुपये और 2020 में 300 रुपये का आंकड़ा पार कर गई थी। सिगरेट की महंगाई 185 फीसदी की दर से बढ़ते हुए अब 7 गुना से भी अधिक हो चुकी है।

## ट्रेन टिकट कैंसिल करने से पहले पढ़ लें ये बड़ी खबर, रेलवे ने बदल दिए रिफंड के सारे नियम

नई दिल्ली ,(ए.) । अगर आप भी अक्सर ट्रेन से सफर करते हैं, तो यह खबर आपके लिए बेहद जरूरी है। टिकटों की कालाबाजारी पर सख्त लगाम कसने के लिए भारतीय रेलवे ने टिकट कैंसिलेशन और रिफंड के नियमों में एक बड़ा और अहम बदलाव कर दिया है। नए नियमों के लागू होने के बाद अब यात्रियों को टिकट कैंसिल कराने पर पहले की तरह लगभग पूरा पैसा वापस नहीं मिलेगा। रेलवे ने रिफंड की राशि को अब कैंसिलेशन की समय सीमा के साथ गहराई से जोड़ दिया है। इस कदम का मुख्य उद्देश्य टिकट दलालों की मनमानी पर रोक लगाना है, ताकि आम और जरूरतमंद यात्रियों को आसानी से कंफर्म टिकट मिल सके।रेलवे द्वारा तय किए गए नए नियमों के अनुसार, अब टिकट कैंसिल कराने के समय के आधार पर रिफंड में भारी कटौती की जाएगी। अगर कोई यात्री ट्रेन के निर्धारित प्रस्थान समय से 8 घंटे पहले अपना टिकट रद्द करता है, तो उसे रिफंड के तौर पर कुछ भी वापस नहीं मिलेगा।

सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## इच्छा-मृत्यु की प्रक्रिया

इच्छा-मृत्यु की प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए अस्पताल अब अधिकृत हो जाएंगे। मगर प्रक्रिया की शुरुआत तभी होगी, जब मरीज के सर्वोत्तम हित में विस्तृत मेडिकल समीक्षा कर ली गई होगी। इस तरह इच्छा-मृत्यु का एक कायदा तय हो गया है।

अचेतावस्था में पड़े व्यक्ति की चेतना वापस आने की आस टूट गई हो, तो मेडिकल उपकरणों से सहारे उस व्यक्ति की सांस चलाते रखने का प्रयास कब तक किया जाना चाहिए? डॉक्टर हथियार डाल चुके हों, उसके बावजूद मानसिक रूप मृत, लेकिन शारीरिक रूप से जीवित ऐसे व्यक्ति की उपस्थिति किस हद तक वांछित है? ये बड़े बुनियादी किस्म के सवाल हैं, जो कुछ खास मामलों में हर आधुनिक समाज के सामने उपस्थित होते रहे हैं। इन सवालों के साथ धार्मिक, रिवायती और सामाजिक प्रश्न जुड़े रहते हैं। इसे स्वीकार कर लेने के बावजूद कि उनका प्रिय व्यक्ति अब सचेत नहीं हो पाएगा, भावनात्मक लगाव, एवं कई बार 'लोग क्या कहेंगे' जैसे सामाजिक दबाव के कारण परिवार पीड़ित की मृत्यु के इंतजार में बैठा रहता है। यह ऐसी पीड़ा है, जिसमें अचेतावस्था में पड़े व्यक्ति के साथ-साथ पूरा परिवार लंबे समय तक झूलता रहता है। एक ऐसे ही मामले में अब सुप्रीम कोर्ट ने पूर्ण मेडिकल देखरेख में इच्छा-मृत्यु की इजाजत दी है। अशोक राणा अगस्त 2013 में पेइंग गेस्ट आवास की चौथी मंजिल से गिरने के बाद से अचेतावस्था में पड़े हुए हैं। 12 साल से जारी उनकी पीड़ा से आजिज़ परिवार ने सर्वोच्च न्यायालय से इच्छा-मृत्यु प्रदान करने की अनुमति मांगी। भारत में यह ऐसा पहला मामला नहीं है, मगर इस बार कोर्ट ने ऐसे मामलों के लिए प्रतिमान तय किया है। कहा है कि ऐसी प्रक्रिया पूर्ण चिकित्सकीय योजना के साथ संपन्न की जानी चाहिए।चिकित्सा उपकरणों को हटाने के दौरान मरीज को पीड़ा से बचाना और यह सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा कि इसका अर्थ मरीज से पल्ला झाड़ना ना समझा जाए। अशोक राणा के मामले यह प्रक्रिया नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान में पूरी की जाएगी। इसके बाद ऐसी प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए मरीज की भर्ती के लिए अस्पताल अधिकृत हो जाएंगे। मगर प्रक्रिया की शुरुआत तभी की जा सकेगी, जब मरीज के सर्वोत्तम हित में उसकी विस्तृत मेडिकल समीक्षा कराई जा चुकी होगी। इस तरह इच्छा-मृत्यु का एक कायदा तय हो गया है। बेहतर होगा, संसद इसकी रोशनी में विस्तृत वैधानिक प्रावधान कर दे।

# भारतीय रेल में रिफॉर्म की पटरी पर विकास का बिगुल

**-बिनोद कुमार सिंह**

**सुविधा,सुरक्षा और गति के नए युग की ओर बढ़ता भारत का भारतीयरेल**

भारत की जीवनरेखा कही जाने वाली भारतीय रेल आज एक ऐसे परिवर्तनकाल से गुजर रही है,जहाँ उसकी भूमिका केवल परिवहन तक सीमित नहीं रह गई है। यह अब देश की आर्थिक गति,सामाजिक संपर्क और सांस्कृतिक एकात्मता का सशक्त माध्यम बन चुकी है।वर्ष के प्रारम्भ में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा व्यक्त दृष्टि ने यह स्पष्ट कर दिया था कि भारतीय रेल को पारंपरिक ढांचे से निकालकर आधुनिक,कुशल और यात्री-केंद्रित प्रणाली में रूपांतरित करना अब प्राथमिकता है।यह परिवर्तन केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि धरातल पर तेजी से आकार लेता दिखाई दे रहा है। रेल भवन में आयोजित हालिया प्रेस वार्ता में घोषित आठ प्रमुख सुधारों ने इस बदलाव को एक स्पष्ट दिशा दी है। ये सुधार किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं हैं,बल्कि रेलवे के संचालन,संरचना,सेवा और सोच—सभी को समाहित करते हैं।यही कारण है कि आज भारतीय रेल का चेहरा व्यापक रूप से बदलता नजर आ रहा है। आधुनिक ट्रेनों के संचालन ने इस परिवर्तन को सबसे अधिक दृश्य रूप दिया है। अमृत भारत,वंदे भारत एक्सप्रेस और वंदे भारत स्लीपर जैसी ट्रेनों ने यात्रा के अनुभव को नई ऊँचाई दी है। ये ट्रेनें गति,आराम और तकनीकी उत्कृष्टता का संतुलित मेल प्रस्तुत करती हैं।वही नमो भारत ट्रेन क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को नई गति देते हुए छोटे शहरों और महानगरों के बीच दूरी को कम कर रही है। इसके साथ ही बुलेट ट्रेन परियोजना भारत को उच्च गति रेल नेटवर्क की वैश्विक श्रेणी में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वाकांक्षी प्रयास है।स्टेशनों का पुनर्विकास इस परिवर्तन की दूसरी महत्वपूर्ण कड़ी है।देश के अनेक रेलवे स्टेशन अब आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होकर यात्रियों को एक व्यवस्थित,स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण प्रदान कर रहे हैं। प्रतीक्षालयों की गुणवत्ता,डिजिटल सूचना प्रणाली,एस्केलेटर और लिफ्ट जैसी सुविधाएँ अब सामान्य होती जा रही हैं। रेलवे स्टेशन अब केवल यात्रा के पड़ाव नहीं,बल्कि अनुभव के केंद्र बनते जा रहे हैं। इन व्यापक परिवर्तनों के बीच घोषित आठ सुधार भारतीय रेल के भविष्य की बुनियाद के रूप में उभरते हैं।सबसे पहला सुधार टिकटिंग प्रणाली के पूर्ण डिजिटली करण और सरलीकरण से संबंधित है।टिकट बुकिंग की जटिलताओं को समाप्त कर इसे पारदर्शी और सहज बनाने का प्रयास किया जा रहा है। मोबाइल और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को अधिक सुलभ और उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाया जा रहा है,जिससे हर वर्ग का यात्री बिना किसी कठिनाई के टिकट प्राप्त कर सके।दूसरा सुधार सुरक्षा तंत्र के सुदृढ़ीकरण का है। रेलवे परिसरों और ट्रेनों में आधुनिक निगरानी प्रणाली, सीसीटीवी नेटवर्क और तकनीक आधारित सुरक्षा उपायों को विस्तार दिया जा रहा है।इससे यात्रियों में सुरक्षा का विश्वास बढ़ेगा और रेलवे एक अधिक सुरक्षित यात्रा माध्यम के रूप में स्थापित होगा।तीसरा सुधार समय बद्धता और परिचालन दक्षता पर केंद्रित है।ट्रेनों की देरी को कम करने के लिए सिग्नलिंग प्रणाली का आधुनिकी करण,ट्रैक उन्नयन और बेहतर संचालन प्रबंधन पर बल दिया जा रहा है। यह पहल रेलवे की विश्वसनीयता को मजबूत करने में निर्णायक भूमिका निभाएगी।



चौथा सुधार स्टेशनों के कायाकल्प से जुड़ा है,जिसके अंतर्गत उन्हें आधुनिक सुविधाओं और बेहतर प्रबंधन के साथ विकसित किया जा रहा है। इससे यात्रियों को एक सुव्यवस्थित और सम्मानजनक यात्रा अनुभव प्राप्त होगा।पाँचवाँ सुधार खानपान और स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने का है।भोजन की गुणवत्ता और सफाई व्यवस्था को लेकर सख्त निगरानी तंत्र विकसित किया जा रहा है,जिससे यात्रियों को सुरक्षित और संतोषजनक सेवाएँ मिल सकें। छठा सुधार आधुनिक ट्रेनों के विस्तार और उनकी गति में वृद्धि का है। नई पीढ़ी की ट्रेनों के माध्यम से यात्रा को तेज,आरामदायक और तकनीकी रूप से उन्नत बनाया जा रहा है,जिससे भारतीय रेल वैश्विक मानकों की ओर अग्रसर हो सके।सातवाँ सुधार बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण और हाई-स्पीड परियोजनाओं के विकास से संबंधित है।ट्रैक,पुल और अन्य संरचनाओं के उन्नयन के साथ-साथ बुलेट ट्रेन जैसी परियोजनाएँ रेलवे को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की क्षमता रखती हैं।आठवाँ और अंतिम सुधार पर्यावरण संरक्षण और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने का है।रेलवे तेजी से विद्युतीकरण की दिशा में आगे बढ़ रही है,जिससे डीजल पर निर्भरता कम हो और पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखा जा सके।यह कदम सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।इन सुधारों की श्रंखला में भारतीय रेल केवल अपनी संरचना ही नहीं, बल्कि अपनी कार्यशैली और दृष्टिकोण को भी बदल रही है।अब यह एक ऐसी सेवा प्रणाली के रूप में उभर रही है,जो यात्रियों की अपेक्षाओं को समझते हुए उन्हें प्राथमिकता देती है।यह परिवर्तन देश की अर्थव्यवस्था को गति देने, व्यापार को सशक्त करने और दूरस्थ क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।आज भारतीय रेल जिस दिशा में आगे बढ़ रही है,वह एक नए भारत की तस्वीर प्रस्तुत करती है -जहाँ गति है,सुरक्षा है,सुविधा है और सबसे बढ़कर विश्वास है।यह विकास का बिगुल केवल पटरियों तक सीमित नहीं,बल्कि पूरे राष्ट्र की प्रगति का प्रतीक बन चुका है। आने वाले समय में यही रेल तंत्र भारत की विकास यात्रा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में निर्णायक भूमिका निभाईगी ।

# खेलो इंडिया जनजातीय खेलः भारत के ओलंपिक सपनों की ओर एक मजबूत कदम

**डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा**

भारत की खेल यात्रा अद्भुत विविधता से भरी हुई है। उत्तर-पूर्व के पहाड़ों से लेकर मध्य भारत के जंगलों तक, हमारे देश के हर कोने में प्रतिभा मौजूद है। खेलो इंडिया कार्यक्रम की शुरुआत को अब आठ वर्ष हो चुके हैं, और इतने कम समय में यह एक राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में विकसित हो चुका है। युवा खेल, विश्वविद्यालय खेल, बीच गेम्स और विंटर गेम्स जैसे विभिन्न आयामों के माध्यम से, खेलो इंडिया ने देशभर के युवा खिलाड़ियों की विविध प्रतिभाओं को पहचानने और उभारने में सफलता प्राप्त की है।

खेलो इंडिया जनजातीय खेल (केआईटीजी) का समावेश इस यात्रा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इसका पहला संस्करण 25 मार्च से 3 अप्रैल तक छत्तीसगढ़ में आयोजित किया जाएगा, जिसमें 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 3,000 खिलाड़ी भाग लेंगे। इन खेलों में सात पदक खेल शामिल होंगे—एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, भारोत्तोलन , तीरंदाजी, तैराकी और कुश्ती प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

इन खेलों का आयोजन बस्तर क्षेत्र के जनजातीय बहुल जिलों, जो प्राचीन दंडकारण्य क्षेत्र का हिस्सा हैं, के साथ-साथ सरगुजा क्षेत्र, रायगढ़ और मानपुर जैसे क्षेत्रों में किया जाएगा। यह केवल एक और खेल प्रतियोगिता की शुरुआत नहीं है, बल्कि यह हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस संकल्प का हिस्सा है, जिसके तहत भारत के खेल पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) को व्यापक बनाते हुए हर खिलाड़ी तक अवसर पहुँचाना है—चाहे वह किसी भी भौगोलिक या सामाजिक पृष्ठभूमि से आता हो। सीधे शब्दों में कहें तो यह हाशिए पर पड़े खिलाड़ियों को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास है।

जनजातीय क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने लंबे समय से देश को गौरवान्वित किया है। राजस्थान के महान तीरंदाज लिम्बा राम से लेकर झारखंड की तीरंदाजी स्टार दीपिका कुमारी तक, और अनेक हॉकी खिलाड़ियों से लेकर ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू तक, उनकी उपलब्धियाँ लाखों लोगों को प्रेरित करती हैं। ये उदाहरण इन क्षेत्रों में निहित अपार संभावनाओं को दर्शाते हैं।

कई जनजातीय क्षेत्र ऐसे भी हैं जो ऐतिहासिक रूप से सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करते रहे हैं। इन क्षेत्रों के युवाओं के लिए पहचान और विकास के अवसर सीमित रहे हैं। ऐसे में, इन क्षेत्रों में संगठित खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक और राष्ट्र निर्माण की दिशा में मोड़ने का कार्य करता है। यह अनिश्चितता को अवसर में और अलगाव को समावेशन में बदलने का प्रयास है।

वास्तव में, हमारे माननीय प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी का दृष्टिकोण—खेलेगा भारत तो खिलेगा भारत—आज साकार हो रहा है। खेल आज एक सशक्त माध्यम और समान अवसर प्रदान करने वाला साधन बन चुका है, जो वंचित वर्गों के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाने का अवसर देता है। जनजातीय क्षेत्रों में खेलो इंडिया का विस्तार इसी दृष्टि का स्वाभाविक विस्तार है और यह इस विश्वास को मजबूत करता है कि खेल राष्ट्र निर्माण का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।

खेलो इंडिया जनजातीय खेलों का आयोजन स्थानीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) पर भी दीर्घकालिक प्रभाव डालेगा। इससे जनजातीय क्षेत्रों में खेल अवसंरचना का विकास और उन्नयन होगा, साथ ही स्थानीय कोच, प्रशिक्षकों और सहयोगी कर्मचारियों के लिए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। स्कूलों और सामुदायिक संस्थानों को दैनिक जीवन में खेल को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे जमीनी स्तर पर एक स्थायी और समावेशी खेल संस्कृति विकसित हो सके।ये खेलो इंडिया जनजातीय खेल केवल एक बार आयोजित होने वाला आयोजन नहीं हैं, बल्कि इन्हें खेलो इंडिया के वार्षिक कैलेंडर में स्थायी स्थान दिया जाएगा। इससे देशभर के जनजातीय खिलाड़ियों को निरंतर और नियमित मंच मिलेगा, जो उनके दीर्घकालिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक संस्करण के साथ ये खेल व्यापक खेलो इंडिया (इकोसिस्टम) पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक आधार के रूप में कार्य करेंगे। इस दृष्टि से, जनजातीय खेल केवल एक मंच नहीं, बल्कि एक समृद्ध खेल संसार में प्रवेश का द्वार हैं।


इन खेलों के माध्यम से हम प्रतिभाओं की पहचान और उनके विकास का लक्ष्य रखते हैं। राष्ट्रीय कोच, उच्च प्रदर्शन निदेशक और भारतीय खेल प्राधिकरण के तकनीकी विशेषज्ञ इन खेलों में उपस्थित रहेंगे। चयनित खिलाड़ियों को उन्नत प्रशिक्षण के लिए भाखेप्रा केंद्रों में भेजा जाएगा, जिससे वे अपने खेल करियर को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकें।

# भारत की विदेश नीति में ईरान के लिए आँसू नहीं होंगे

हरिशंकर व्यास

मैं प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के समय से भारत के इज़राइल से संबंधों का हिमायती हूं। उस नाते प्रधानमंत्री नरसिंह राव ने जनवरी 1992 में हिम्मत दिखाकर इज़राइल से पूर्ण राजनयिक संबंध बनाए और राजदूतों की नियुक्ति हुई, तब मैंने इसी कॉलम में वाह की थी। मगर इस सप्ताह नरेंद्र मोदी और नेतन्याहू के फोटोशूट में तो ग़ज़ब ही हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने इज़राइल की संसद केनेस्सेट में भाषण से दो देशों का वह मिलाप बनाया जिसकी किसी ने कल्पना नहीं की थी। उन्होंने दुनिया, पश्चिमी एशिया, इस्लामी-अरब देशों की जमात सभी को बता दिया कि भारत केवल इज़राइल का सगा है। पता नहीं मोदी का भाषण किसने लिखा, मगर जब उन्होंने खुद अपनी ज़ुबानी कहा है तो यह साफ जाहिर हुआ मानो उनकी कूटनीति का एकमेव सत्य भारत और इज़राइल एक-दूसरे के लिए! सो मोदी ने सिंधु घाटी और जॉर्डन घाटी का उल्लेख कर आदिकाल में बने भारत-इजराइल संबंध बताए। उन्होंने 'तिक्कुन ओलाम' (दुनिया को सुधारने का हिब्रू विचार) और 'वसुधैव कुटुम्बकम्' (संसार एक परिवार है) को साथ रखा। उन्होंने हनुक्का और पुरिम को दीवाली और होली से जोड़ा।

मतलब कूटनीति, व्यापार और सहयोग अपनी जगह असल बात- मोदीजी ने जैसे रामलला की ऊंगली पकड उन्हे मंदिर में बैठाया वैसे ही उनके सौजन्य से दो प्राचीन सभ्यताओं मतलब फादरलैंड व मदरलैंड का अंततः हुआ मिलाप । मोदी ने स्वंय संसद में फादरलैंड, मदरलैंड शब्द का उपयोग किया। हालांकि उनका वाक्य यह परिप्रेक्ष्य लिए हुए था कि इज़राइल में रह रहे भारतीय मूल के यहूदी समुदाय भावनात्मक रूप से इज़राइल को अपनी पितृभूमि और भारत को अपनी मातृभूमि मानते हैं। वे दृढ़ता से मानते हैं कि इज़राइल उनकी पितृभूमि है और भारत उनकी मातृभूमि।इस वाक्य के अलावा भाषण में सिंधु घाटी और जॉर्डन घाटी की दो सभ्यताओं के मिलाप और अम यिस्राएल खाई के साथ जय हिंद का नारा भी बोला। कुल मिलाकर भारत और इज़राइल के अस्तित्व और यात्रा की एक साझा कथा बनाते हुए फादरलैंड, मदरलैंड की तुकबंदी बनाई। इज़राइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू तथा इज़राइली मीडिया का गदगद होना स्वभाविक था। यों भी नेतन्याहू ने स्वागत भाषम में ही मोदी का यह कहते हुए अभिनंदन किया—7 अक्टूबर के भयानक नरसंहार के तुरंत बाद आप स्पष्ट, नैतिक और दृढ़ता से इज़राइल के साथ खड़े हुए।




मेष राशि: मेष राशि वालों आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। आज सफलता मिलने से थकान दूर हो जाएगी। आज आपकी कार्यशैली से लोग प्रभावित होंगे। आज प्रॉपर्टी संबंधी कार्य संपन्न होंगे। इसके साथ घर में भी आध्यात्मिक और सकारात्मक वातावरण बना रहेगा। आज घर के बड़े बुजुर्गों के मान सम्मान का विशेष ध्यान रखें।

वृषभ राशि: वृष राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आत्मविश्वास और मनोबल के सहारे आप नई उपलब्धि प्राप्त करेंगे। आज घर में रिश्तेदारों के आगमन से खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आज व्यवसाय संबंधी किसी नए काम को शुरू करने का उचित समय है।

मिथुन राशि: मिथुन राशि वालों आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज अत्यधिक जिम्मेदारियां रहेंगी परंतु आप उचित व्यवस्था बनाकर हल भी निकाल लेंगे। आज संतान की ओर से शुभ समाचार मिलने से घर में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आज परिवारजनों के साथ मनोरंजक प्रोग्राम बनेगा। आज मानसिक सुकून बनाए रखने के लिए योगा मेडिटेशन आदि का सहारा लें। मां दुर्गा को हलवा का भोग लगायें, रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

कर्क राशि: कर्क राशि वालों आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। अनुभवी लोगों से मेल मिलाप तथा नई जानकारियां हासिल होंगी। आज क्रोध के कारण परिस्थितियां और अधिक बिगड़ सकती हैं। आज परेशानी आने पर शांतिपूर्ण तरीके से समाधान निकालने का प्रयास करेंगे तो सब ठीक होगा। वर्तमान परिस्थितियों में समय के अनुसार खुद में भी बदलाव लाने की जरूरत है।

सिंह राशि: सिंह राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज कई तरह की गतिविधियों में आपका रुझान रहेगा। आज किसी भी कार्य को करने से पहले उसके सकारात्मक व नकारात्मक पहलुओं पर अवश्य विचार कर लें। आज किसी नजदीकी मित्र या रिश्तेदार से किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे।

कन्या राशि: कन्या राशि वालों आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज कार्यप्रणाली बेहतर होगी और किसी काम में उचित सफलता मिलने से उत्साह और अधिक बढ़ेगा। युवाओं और विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने की उत्तम संभावनाएं हैं। समय के अनुसार ही निर्णय लें।

तुला राशि: तुला राशि वालों आज नए कार्यों को करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आज कुछ समय आत्म मनन और चिंतन में लगाएं। ज्यादा मेहनत की वजह से स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है, उचित भोजन का ध्यान रखें। आज व्यायाम करें इससे आपके अंदर सकारात्मक ऊर्जा बढ़ेगी। बच्चे आज किसी खिलौने की मांग कर सकते हैं।

वृश्चिक राशि: वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज सकारात्मक गतिविधियों में खुद को व्यस्त रखेंगे। आज अपने गुस्से को कंट्रोल में रखें तथा फिजूलखर्च पर भी नियंत्रण रखें। आज अपनी पूरी ऊर्जा योजनाओं को क्रियान्वित करने में लगाएं लेकिन अपनी योजनाएं सार्वजनिक ना करें। आज आपका दिन भक्तिमय रहेगा।

धनु राशि: धनु राशि वालों आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज कुछ नई उपलब्धियां आपका इंतजार कर रही हैं। इस बेहतरीन समय का उचित सदुपयोग करें। आज उच्च पद पर आसीन व्यक्तियों के साथ आपका समय बीतेगा, इससे आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। आज घर की व्यवस्था को व्यवस्थित रखने के लिए सबको अनुशासित रखना अति आवश्यक है। आज अपने व्यवसाय की गतिविधियों में भी बदलाव करेंगे।

मकर राशि: मकर राशि वालों आज आपकी कई योजनाएं समय से पूरी हो जायेंगी। आज बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद व कृपा प्राप्त होगी और उनके मार्गदर्शन में आप खास निर्णय लेने में आसानी महसूस करेंगे। आज नकारात्मक प्रवृत्ति के मित्रों की किसी भी सलाह पर विश्वास ना करके अपनी योग्यता पर भरोसा रखें। आज व्यर्थ के खर्चो पर काबू रखना आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा।

कुंभ राशि: कुंभ राशि वालों आज बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते हैं। आज का दिन परिवार के साथ हर्षोल्लास में बीतेगा। आज आप अनुभवी लोगों के मार्गदर्शन पर जरूर अमल करें, निश्चित ही आपको सफलता मिलेगी। आज सब कुछ ठीक रहते हुए भी आपको कहीं ना कहीं खालीपन का एहसास रहेगा।

मीन राशि:मीन राशि वालों आज आपके अधूरे कार्य पूरे हो जायेंगे। आज आप बच्चों से मित्रवत व्यवहार रखें तथा उनकी समस्याओं को सुनें और सुलझाएं, इससे उनकी आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।

# अमेरिका के युद्ध विराम घोषणा से निकली शांति की किरण

**– मनोज कुमार अग्रवाल**

अमेरिका का पांच दिन के लिए एक तरफा युद्ध विराम का एलान बेहद खराब दौर में पहुंच चुके हालात में शांति का संदेश वाहक बन रहा है। मध्य पूर्व में तनाव के बीच ताज़ा घटनाक्रम इस ओर इशारा कर कर रहे हैं कि अब मिसाइल अटैक थमने को तैयार हैं। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच हालिया तनाव में आया यह अल्पविराम महज एक रणनीतिक ठहराव नहीं, बल्कि वैश्विक संतुलन के लिए एक निर्णायक अवसर है। पिछले 24 दिनों से इजरायल अमेरिका और ईरान के बीच जारी भयंकर युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा पांच दिन के लिए युद्ध विराम की घोषणा करना निःसंदेह वैश्विक स्तर पर एक राहत देने वाली खबर हैं। युद्ध जैसे विनाशकारी परिदृश्य में जब भी संवाद और विराम की संभावना बनती है, वह केवल संबंधित देशों के लिए ही नहीं बल्कि पूरी मानवता के लिए आशा की किरण लेकर आती है। ऐसे समय में जब हर दिन नई तबाही और अनिश्चितता का संदेश ला रहा था, अमेरिका की ओर से सैन्य कार्रवाई को अस्थायी रूप से रोकने का निर्णय एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जा सकता है। इसमें कोई दोमत नहीं है कि अमेरिका और ईरान के बीच संभावित बातचीत और सीमित समय के। के लिए सैन्य सैन्य कार्रवाई रोकने के संकेत ने वैश्विक स्तर पर उम्मीद की एक नई किरण जगाई है। इसका कारण है कि यह केवल दो देशों के बीच टकराव का मुद्दा नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव पूरी दुनिया अर्थव्यवस्था, राजनीति और मानवता पर पड़ रहा है।

आजकल युद्ध अब केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रहते, बल्कि उनके दुष्प्रभाव पूरी दुनिया को हिला देते हैं। तेल और गैस की कीमतों में उछाल ने वैश्विक अर्थव्यवस्था की नब्ज पर सीधा प्रहार किया है। विकासशील देशों के लिए यह संकट और गहरा है, जहां महंगाई पहले ही आम आदमी की कमर तोड़ रही है। ऐसे में यह युद्ध केवल तीन देशों का मसला नहीं, बल्कि पूरी मानवता के आर्थिक और सामाजिक संतुलन का प्रश्न बन चुका है। सामरिक दृष्टि से देखा जाए तो अमेरिका और इजराइल ने ईरान की सैन्य क्षमताओं को गहरी चोट पहुंचाई है। उसके पूरे नेतृत्व को खत्म कर दिया।

आपको पता रहे कि ईरान के कई रणनीतिक ठिकानों और आधारभूत ढांचे को ध्वस्त कर ईरान को करीब 20 से 25 साल पीछे धकेल दिया है।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमले को अस्थायी रूप से टालने का निर्णय, भले ही पांच दिनों के लिए हो, एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक संकेत है। यह दिखाता है कि युद्ध के बीच भी बातचीत की संभावना सरावना पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। हालांकि, इस निर्णय को लेकर कई सवाल भी उठते हैं, खासकर तब जब ईरान ने किसी भी प्रकार की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष बातचीत से इनकार किया है। ऐसे में यह स्पष्ट है कि स्थिति अभी भी अनिश्चितताओं से भिरी हुई है। इस संघर्ष की पृष्ठभूमि को समझना आवश्यक है। माना जा रहा है कि अमेरिका ने काफी मजबूरी में युद्ध विराम का फैसला लिया है। अमेरिका शुरुआती रणनीति में यह मानकर चला था कि सीमित सैन्य कार्रवाई के बाद ईरान के भीतर बाद ईरान के भीतर जन असंतोष उभरेगा और सत्ता परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त होगा। लेकिन यह आकलन गलत साबित हुआ। न तो जनता सड़कों पर उतरी और न ही सत्ता संरचना में कोई तत्काल बदलाव आया। इससे यह स्पष्ट हो गया कि बाहरी हस्तक्षेप के आधार पर किसी देश की आंतरिक राजनीति को बदलना इतना आसान नहीं है। युद्ध को आगे बढ़ाने का विकल्प अमेरिका के सामने था, लेकिन इसके साथ कई गंभीर जोखिम जुड़े थे। अफगानिस्तान और इराक के अनुभव पहले से ही अमेरिका के सामने हैं, जहां लंबे सैन्य अभियानों ने न केवल आर्थिक बल्कि राजनीतिक रूप से भी भारी कीमत वसूल की। इस पूरे घटनाक्रम में खाड़ी देशों की भूमिका भी अहम रही है। ओमान, कतर और सऊदी अरब जैसे देशों ने स्पष्ट संकेत दिए कि वे इस संघर्ष के विस्तार के पक्ष में नहीं हैं। उनके लिए यह युद्ध आर्थिक और सामरिक रूप से नुकसानदेह साबित हो सकता है। यदि ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमला होता, तो जवाबी कार्रवाई में खाड़ी क्षेत्र के तेल और गैस संसाधन भी निशाने पर आ सकते थे। इससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ता। होर्मुज जलडमरूमध्य का मुद्दा भी इस संघर्ष के केंद्र में है। यह दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों में से एक है, जहां से वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है। यदि यहां तनाव बढ़ता है या मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध होता है, तो इसका असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ना तय है। यही कारण है कि सैन्य विशेषज्ञों ने भी इस क्षेत्र में युद्धपोत भेजने के जोखिमों को लेकर चेतावनी दी है। आर्थिक दृष्टिकोण से देखें तो इस संघर्ष ने पहले ही वैश्विक बाजारों को झकझोर दिया है। तेल की कीमतों में तेजी, गैस की कीमतों में उछाल और शेयर बाजारों में अस्थिरता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बुद्ध केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रहता। भारत जैसे देशों के लिए, जो ऊर्जा आयात पर निर्भर हैं, इसका सीधा असर महंगाई और आर्थिक विकास पर पड़ता है। हालांकि, जैसे ही युद्धविराम की संभावना सामने आई, बाजारों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। तेल की कीमतों में गिरावट और शेयर बाजारों में तेजी यह दर्शाती है कि निवेशक और वैश्विक अर्थव्यवस्था स्थिरता की उम्मीद कर रहे हैं। यह एक संकेत है कि शांति केवल मानवीय दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी अनिवार्य है। फिर भी, यह समझना जरूरी है कि यह पांच दिनों का युद्धविराम एक स्थायी समाधान नहीं है। ट्रंप द्वारा ईरान के ऊर्जा ढांचे पर हमले टालने का निर्णय इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत है। यह फैसला दर्शाता है कि कूटनीति की खिड़की अभी बंद नहीं हुई है। पांच दिनों का यह ठहराव केवल सैन्य रणनीति नहीं, बल्कि संवाद के लिए एक संभावित दरवाजा है। यहां बता दे कि ईरान द्वारा किसी भी बातचीत से इनकार और अपनी शर्तों पर अड़े रहना यह बताता है कि रास्ता अभी आसान नहीं है। ईरान की ओर से रखी गई शर्तें,अमेरिकी सैन्य ठिकानों का बंद होना, होर्मुज जलडमरूमध्य के लिए नए नियम और मीडिया से जुड़े व्यक्तियों पर कार्रवाई स्पष्ट रूप से उसकी रणनीतिक सोच को दर्शाती हैं। यह केवल युद्धविराम नहीं, बल्कि क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को अपने पक्ष में मोड़ने की कोशिश है। दूसरी ओर, अमेरिका और उसके सहयोगी इन शर्तों को स्वीकार करने की स्थिति में शायद ही हों।





# नहीं बदले हैं गैस रिफिल बुकिंग के नियम, घबराने की जरुरत नहीं : पेट्रोलियम मंत्रालय

नई दिल्ली (आरएनएस)। एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग समय-सीमा (रिफिल टाइमलाइन) में बदलाव को लेकर चल रही खबरों और सोशल मीडिया पोस्ट पर सरकार ने बड़ा स्पष्टीकरण जारी किया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने साफ कहा है कि एलपीजी रिफिल बुकिंग के नियमों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और पुरानी व्यवस्था ही लागू है। मंत्रालय ने बताया कि कुछ समाचार रिपोर्टों और सोशल मीडिया पोस्टों में यह दावा किया जा रहा था कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत एलपीजी रिफिल बुकिंग के लिए 45 दिन, नॉन-पीएमयूवाई सिंगल सिलेंडर के लिए 25 दिन और डबल सिलेंडर के लिए 35 दिन की नई समय-सीमा तय की गई है। सरकार ने इन दावों को पूरी तरह गलत और भ्रामक बताया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि मौजूदा नियमों के तहत एलपीजी रिफिल बुकिंग की समय-सीमा शहरी क्षेत्रों में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन ही है, और यह सभी प्रकार के कनेक्शन पर समान रूप से लागू होती है।

सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे ऐसी अफवाहों पर विश्वास न करें और न ही उन्हें आगे फैलाएं। साथ ही, घबराहट में गैस सिलेंडर की अनावश्यक बुकिंग से भी बचने की सलाह दी गई है।

मंत्रालय ने भरोसा दिलाया है कि देश में एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और किसी तरह की कमी की कोई स्थिति नहीं है। सरकार ने



बताया कि देश की सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और सोमवार तक 18,700 टन कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति की जा चुकी है।

पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा के अनुसार, देश भर में पेट्रोल और डीजल का भी पर्याप्त भंडार है और 1 लाख से अधिक पेट्रोल पंप सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं। इसके साथ ही, पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शन का तेजी से विस्तार किया जा रहा है और सिर्फ एक दिन में 7,500 नए कनेक्शन दिए गए हैं।

सरकार ने यह भी बताया कि एलपीजी की आपूर्ति को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और नए स्रोतों को जोड़ा जा रहा है। राज्यों से निगरानी और वितरण व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए कहा गया है, ताकि सप्लाई पूरी तरह सुचारू बनी रहे।

## देश में एकता एवं निस्वार्थ सेवा हेतु संघ कार्य : अतुल लिमये

चंडीगढ़ (आरएनएस)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चंडीगढ़ की और से एक प्रमुख नागरिक गोष्ठी का आयोजन ,टैगोर थिएटर सेक्टर 18, चंडीगढ़ में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के नाते अतुल लिमये, सह सरकार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का रहना हुआ। अतुल जी ने संघ की अब तक की क्या यात्रा रही एवं संघ के आगामी लक्ष्य क्या हैं, इसकी जानकारी दी। अतुल जी ने बताया कि संघ का प्रमुख लक्ष्य देश में एकता के भाव का और संपूर्ण समाज की निस्वार्थ सेवा करने के भाव निर्माण करने है। संघ व्यक्ति निर्माण के कार्य में गत 100 वर्षों से सतत कार्य कर रहा है, किन्तु अभी भी हम प्रत्येक बस्ती एवं मंडल तक नहीं पहुंचे हैं, उसके लिए और अधिक शक्ति से प्रयास करने की आवश्यकता है।

इसके बाद कार्यक्रम में आए प्रमुख नागरिकों ने कुछ प्रश्न भी किए जैसे धर्मांतरण के विषय, नशे को लेकर, ब्रेन ड्रेन, संघ में महिलाओं की भूमिका आदि, जिनका अतुल जी ने विस्तार पूर्वक उत्तर दिया। कार्यक्रम में चंडीगढ़ विभाग से लगभग 1000 प्रमुख नागरिकों ने इसमें भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के नाते सरदार हरनेश सिंह गिल, सेवानिवृत्त न्यायाधीश पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय चंडीगढ़ रहे। सरदार हरनेश जी ने संघ के निस्वार्थ कार्य की सराहना की और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। सरदार हरनेश जी ने पंजाब में बढ़ते नशे के लिए गहरी चिंता जताई एवं संघ से भी इस विषय पर और अधिक कार्य करने की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम में मंच पर सरदार इकबाल सिंह माननीय प्रान्त संघचालक पंजाब प्रान्त भी उपस्थित रहे एवं चंडीगढ़ के माननीय विभाग संघचालक त्रिलोकी नाथ गोयल जी भी रहे।

## आप विधायक पठानमाजरा गिरफ्तार, मध्य प्रदेश से पकड़े गए; रेप केस में हैं वांटेड

चंडीगढ़,(आरएनएस)। पंजाब में आप के विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा को पटियाला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पठानमाजरा पर एक महिला ने यौन शोषण के आरोप हैं। इसके बाद उन पर केस दर्ज हो गया था।

गिरफ्तारी से बचने के लिए पठानमाजरा ऑस्ट्रेलिया भाग गए थे। उसके बाद पुलिस ने उन्हें भगौड़ा करार दिया। वह ऑस्ट्रेलिया से बार-बार लाइव होकर सरकार के खिलाफ बोलते रहे। मंगलवार देर रात जब उन्हें मध्य प्रदेश के ग्वालियर में देखा गया तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

यौन शोषण मामले में पठानमाजरा के वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका लगाई थी। इसकी सुनवाई 25 मार्च को तय हुई। इसी के लिए वह स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार होकर दिल्ली आ रहे थे। पठानमाजरा के लिए पहले ही लुक आउट नोटिस जारी था। जैसे ही उन्हें देखा गया तो शिवपुरी में उनहें पकड़ लिया गया।वहीं पटियाला के एसएसपी वरुण शर्मा ने बताया है कि आरोपी को काफी समय से अरेस्ट करने की कोशिश जारी थी। मध्य प्रदेश के शिवपुरी एरिया से इन्हें और इनके 3 साथियों को काबू किया है। एसएसपी ने बताया, कि पठानमाजरा को पटियाला लाया गया है। अब अगली कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पठानमाजरा को आज अदालत में पेश किया जाएगा।


## नई दिल्ली के करोल बाग में भीषण हादसा, 25 यात्रियों से भरी बस पलटी; 2 लोगों की मौत

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के करोल बाग इलाके में बड़ा सड़क हादसा हो गया, जब करीब 25 यात्रियों से भरी एक बस झंडेवालान मेट्रो स्टेशन के पास अचानक पलट गई। इस हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए हैं। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यह हादसा रात करीब 1:30 बजे हुआ। बस काफी तेज रफ्तार में थी। लोगों का कहना है कि स्पीड 80 से 100 के बीच रही होगी। बस ने संतुलन खोने के बाद एक-दो बार पलटी खाई और आसपास मौजूद लोगों ने बताया कि हादसा इतना अचानक हुआ कि किसी को संभलने का मौका ही नहीं मिला।

एक चश्मदीद ने बताया कि बस पलटने के बाद चारों तरफ चीख-पुकार मच गई। अंदर कई लोग फंसे हुए थे, जिनमें महिलाएं और छोटे बच्चे भी शामिल थे। एक छोटा बच्चा सीटों के बीच फंस गया था, जबकि एक महिला भी बुरी तरह फंसी हुई थी। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत मदद शुरू की और करीब 100-150 लोगों ने मिलकर बस को संभालते हुए घायलों को बाहर निकाला।

## देश को तबाह करने की काली करतूत के जिम्मेदार जवाहरलाल नेहरु : निशिकांत दुबे

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। झारखंड के गोड्डा से चौथी बार भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे लगातार कांग्रेस पर हमलावर हैं। निशिकांत दुबे ने कांग्रेस के खिलाफ एक शृंखला कांग्रेस का काला अध्याय शुरू की है। इसके तहत वह सोशल मीडिया एक्स पर तिथि के अनुसार कांग्रेस सरकार के समझौते और फैसले के दस्तावेज पोस्ट करते हुए टिप्पणी कर रहे हैं। निशिकांत दुबे ने कांग्रेस का काला अध्याय 9 एपिसोड एक्स पर पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने लिखा है, आज, यानी 25 मार्च 1914 को शिमला में ब्रिटिश इंडिया, चीन सरकार और तिब्बत ने मिलकर एक समझौता किया, जिसके अंतर्गत नेपाल और तिब्बती समझौता 1856 तथा जम्मू कश्मीर तिब्बती समझौता 1842 लागू हुआ। तिब्बत और भारत के बीच सीमा निर्धारण मैकमोहन लाइन के तहत किया गया। हालांकि मई 1951 में नेहरू ने चीन के आधिपत्य को सत्रह समझौते के अनुसार तिब्बतियों को चीन का नागरिक बना दिया। बचा काम 29 अप्रैल 1954 में तिब्बत पर चीन के पूर्ण नियंत्रण का समझौता कर लिया तथा इस समझौते के तहत चीन को बेरोकटोक भारत आने की छूट दे दी। देश को तबाह करने की काली करतूत के जिम्मेदार केवल और केवल नेहरु जी ही हैं। इसके पहले 24 मार्च को निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा था, 24 मार्च 1990 को श्रीलंका से भारतीय सेना हारकर जबरदस्ती भगाई गई और लौटी। भारतीय सेना की अंतिम टुकड़ी को विदा करने वालों में आज के हमारे विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर भी थे, जो उन दिनों श्रीलंका में कार्यरत थे। भारतीय सेना तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जिद और जुनून के कारण जबरदस्ती 1987 में अपने ही तमिल भाइयों को मारने पहुंची थी।



नई दिल्ली में बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान संसद भवन परिसर में केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी।

## 16 आरडीएक्स आईईडी लगाए हैं, दिल्ली विधानसभा को फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली

नई दिल्ली(आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी भरा मैसेज भेजा गया है। इसमें कहा गया है कि दिल्ली विधानसभा में 16 आरडीएक्स आईईडी लगाए हैं। धमकी के बाद दिल्ली पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बताया, ईमेल में दावा किया गया है कि दिल्ली विधानसभा में बम लगाए गए हैं और दोपहर 1:40 बजे धमाका करने की योजना है। मेल भेजने वाला खुद को कोयंबटूर का बताता है और कहता है कि वह और उसके साथी पहले एक राजनीतिक पार्टी (डीएमके) के समर्थक थे। लेकिन अब वे खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार, धमकी देने वालों ने अपने मैसेज में कहा है कि जिन नेताओं को उन्होंने सपोर्ट किया, उन्हें ही बाद में गिरफ्तार करवा दिया गया। वे यह भी कहते हैं कि जब उन्होंने इस बात को सामने लाने की कोशिश की, तो मीडिया और अदालतों से उन्हें कोई मदद नहीं मिली।

## आईडीएफसी बैंक के बाद अब हरियाणा में एक और घोटाला, कोटक महिंद्रा बैंक पर आरोप, 160 करोड़ रुपये गायब




पंचकूला (आरएनएस)। हरियाणा में बैंकिंग घोटालों की श्रृंखला थमने का नाम नहीं ले रही है। IDFC First Bank में 590 करोड़ रुपये के घोटाले के बाद अब Kotak Mahindra Bank की पंचकूला सेक्टर-11 शाखा में करीब 160 करोड़ रुपये के गबन का मामला सामने आया है। यह राशि पंचकूला नगर निगम की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, नगर निगम ने इस शाखा में कुल 16 फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) करवाई थीं, जिन्हें पहले एसबीआई से ट्रांसफर किया गया था। हाल ही में जब इन एफडी की मैच्योरिटी पर रकम वापस लेने के लिए बैंक को पत्र भेजा गया, तो बैंक ने संबंधित एफडी का कोई रिकॉर्ड होने से इनकार कर दिया। इस खुलासे के बाद नगर निगम में हड़कंप मच गया और तत्काल आंतरिक जांच शुरू की गई। अकाउंट अधिकारियों, कमिश्नर और ज्वाइंट कमिश्नर की टीम ने दस्तावेजों की जांच कर रिपोर्ट सरकार और बैंक प्रबंधन को सौंप दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अतिरिक्त खाते खोले गए और एफडी की राशि को इन खातों में ट्रांसफर कर दिया गया। आशंका है कि बड़ी रकम एक महिला के खाते में भी भेजी गई, जिसके परिवार में कुछ वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी शामिल बताए जा रहे हैं। इसके अलावा, पैसा शेल कंपनियों के खातों में जमा किए जाने की भी बात सामने आई है। घोटाले को छिपाने के लिए कथित तौर पर एफडी के रिन्यूअल से जुड़े दस्तावेज नियमित रूप से नगर निगम को भेजे जाते रहे, जिससे अधिकारियों को लंबे समय तक संदेह नहीं हुआ। लेकिन हालिया बैंक घोटालों के बाद जब रकम वापस मांगी गई, तब यह मामला उजागर हुआ। जांच में यह भी सामने आया कि बैंक द्वारा जारी किए गए स्टेटमेंट फर्जी थे। नगर निगम ने 58 करोड़ और 102 करोड़ रुपये की एफडी की मैच्योरिटी राशि ट्रांसफर करने का अनुरोध किया था, लेकिन वास्तविक खाते में पैसा नहीं पहुंचा। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ को जांच सौंपी गई है।

## छत्तीसगढ़ शिवसेना रामजन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकालेगी 28 को

### शिवसेना रामजन्म उत्सव का 44वां आयोजन करेगी

रायपुर, (आरएनएस)। छग शिवसेना प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रामजन्म उत्सव के अवसर पर रामनवमीं शोभायात्रा का 44वां आयोजन 28 मार्च शनिवार को कोगी। उक्त शोभयात्रा का नेतृत्व छग शिवसेना प्रमुख धनंजय सिंह परिहार करेंगे। उक्त जानकारी प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वात्र में प्रदेश महासचिव रेशम जांगड़े और संतोष शुक्ला ने संयुक्त रूप से दी। पत्रकारवार्ता में रेशम ने बताया कि इस वर्ष शोभायात्रा का मार्ग परिवर्तित किया गया है।

शोभायात्रा नवीन बाजार बिट्ठल मंदिर से तात्यापारा बढ़ईपारा, रामसागर पारा, गुरुनानक चौक, एम जी रोड, शारदा चौक होते हुए नवीन बाजार में समाप्त होगी। शोभायात्रा शाम छह बजे निकलेगी। शोभयात्रा में रायपुर के 70 वार्डों सहित प्रदेश बिलासपुर, जांजगीर चांपा, कोरबा, रायगढ़, बिलाईगढ़, सारंगढ़ सहित पूरे प्रदेश से हजारों की संख्या में शिवसेना के कार्यकर्ता उपस्थित होंगे।

# पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता, 84 देसी बम और राइफल बरामद

दक्षिण ,(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में हैं। इसी बीच दक्षिण 24 परगना जिले से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है, जहां तलाशी अभियान के दौरान 84 देसी बम और एक राइफल बरामद की गई है। पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। तलाशी के दौरान एक तालाब से राइफल भी बरामद हुई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। इस बरामदगी के बाद संबंधित मामला दर्ज कर लिया गया है और बिजयगंज बाजार पुलिस स्टेशन ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इन हथियारों को किस मकसद से जमा किया गया था और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं।



### दो चरणों में होंगे चुनाव

पश्चिम बंगाल में इस बार विधानसभा चुनाव दो चरणों में आयोजित किए जाएंगे। राज्य में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा, जबकि 4 मई को नतीजे घोषित किए जाएंगे। पिछले विधानसभा चुनाव (2021) में मतदान आठ चरणों में 27 मार्च से 29 अप्रैल के बीच हुआ था, जबकि इस बार चरणों की संख्या घटाकर दो कर दी गई है। इस चुनाव में एक और बड़ा बदलाव देखने को मिला है। राज्य में विशेष पुनरीक्षण (SIR) के बाद अंतिम मतदाता सूची से करीब 63 लाख 66 हजार नाम हटाए गए हैं, जबकि लगभग 60.6 लाख मतदाता अभी भी जांच के दायरे में हैं।राज्य की सियासत में इस बार भी मुख्य मुकाबला तृणमूल कांग्रेस (TMC) और भारतीय जनता पार्टी (BJP) के बीच माना जा रहा है। टीएमसी एक बार फिर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में चुनावी मैदान में उतरी है, जो 2011 से राज्य की सत्ता संभाल रही हैं। वहीं, बीजेपी ने अभी तक मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है।

# अजित पवार मौत मामले में बेंगलुरु में जीरो पर एफआईआर दर्ज, रोहित का आरोप

### -मुंबई पुलिस और महाराष्ट्र सीआईडी से संपर्क किया था, नहीं की एफआईआर दर्ज

बेंगलुरु,(ए.)। महाराष्ट्र के बारामती में हुए विमान हादसे में डिप्टी सीएम अजित पवार की मौत के मामले में बेंगलुरु में जीरो एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर उनके भतीजे और एनसीपी (एसपी) विधायक रोहित पवार की शिकायत पर दर्ज हुई है। उन्होंने हादसे को आपराधिक साजिश बताया है। उन्होंने एफआईआर में पांच मुख्य आरोप लगाए हैं। रोहित ने कहा कि उन्होंने मुंबई के मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन, बारामती पुलिस और महाराष्ट्र सीआईडी से संपर्क किया, लेकिन कहीं भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई।

इसके बाद उन्होंने 23 मार्च को बेंगलुरु में जीरो पर एफआईआर दर्ज कराई। जहां अपराध हुआ है उसे छोड़कर देश के किसी भी थाने में उस अपराध की एफआईआर दर्ज कराई जाती है तब उसे जीरो एफआईआर



कहते हैं। इसे फिर संबंधित थाने में ट्रांसफर कर दिया जाता है। कर्नाटक पुलिस ने मामला दर्ज कर इसे महाराष्ट्र पुलिस को ट्रांसफर कर दिया है। दरअसल, 28 जनवरी को बारामती एयरपोर्ट पर प्लेन क्रैश में अजित पवार समेत पांच लोगों की मौत हुई थी। आधिकारिक लॉग में विमान का रन टाइम 4,915 उड़ान घंटे दर्ज हैं, जबकि दावा है कि विमान ने 8,000 घंटे से ज्यादा उड़ान भरी है। कम विजिबिलिटी के बावजूद विजुअल फ्लाइट रूल्स के तहत विमान को लैंडिंग की अनुमति दी गई।आखिरी समय पर क्रू बदला गया और पायलट सुमित कपूर को शामिल किया गया। हादसे से कुछ समय पहले वीएसआर वेंचर्स ने पायलट सुमित कपूर के नाम पर लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी ली थी।पायलट सुमित कपूर पहले शराब से जुड़े मामलों में निलंबित रह चुके हैं। रोहित पवार ने वीएसआर एविएशन कंपनी पर सवाल उठाते हुए कहा कि 2023 में नया विमान खरीदने का टेंडर रद्द हो गया था। अगर नया विमान खरीदा गया होता तो यह हादसा नहीं होता।


# बिलासपुर में बर्ड फ्लू के प्रकोप ने बढ़ाई प्रशासन की चिंता, रोकथाम की कार्रवाई शुरु

### -संक्रमण के कारण 4,400 मुर्गियों की मौत, 10 किमी तक की जा रही निगरानी

बिलासपुर,(ए)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में बर्ड फ्लू के प्रकोप ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। कोनी इलाके में स्थित एक सरकारी पोल्ट्री फार्म में पिछले कुछ दिनों 4,400 से ज्यादा मुर्गियों की मौत हो गई। रिपोर्ट में संक्रमण की पुष्टि होने के बाद जिला प्रशासन ने युद्धस्तर पर रोकथाम की कार्रवाई शुरू की। पशु चिकित्सा विभाग के संयुक्त निदेशक ने बताया कि 19 से 24 मार्च के बीच कोनी इलाके में स्थित सरकारी पोल्ट्री फ़ार्म में वायरल संक्रमण के कारण करीब 4,400 मुर्गियों की मौत हो गई। इस फ़ार्म में कुल 5,037 मुर्गियां थीं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारी ने बताया कि मृत पक्षियों के सैंपल सोमवार को भोपाल और पुणे की लैब में भेजे गए थे। भोपाल की लैब ने मृत मुर्गियों में एवियन इन्फ्लूएंज़ा (बर्ड फ्लू) की पुष्टि हुई है। आधिकारिक बयान के मुताबिक पुष्टि होने के बाद जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल ने एवियन इन्फ्लूएंज़ा की रोकथाम और नियंत्रण के लिए रोकथाम और बचाव के लिए तत्काल निर्देश जारी किए हैं।बयान में कहा गया है कि फार्म के एक किलोमीटर के दायरे को संक्रमित क्षेत्र और 10 किलोमीटर के दायरे को निगरानी क्षेत्र घोषित किया गया है। प्रोटोकॉल के मुताबिक संक्रमित क्षेत्र के अंदर पोल्ट्री पक्षियों, उनके चारे और अंडों को नष्ट कर दिया जाएगा और उनके आवागमन पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। इसके लिए पशुपालन विभाग द्वारा पोल्ट्री पक्षियों के मालिकों को मुआवज़ा दिया जाएगा। मुर्गियों को मारने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद, फार्म को सील कर दिया जाएगा। बयान में कहा गया है कि प्रभावित क्षेत्र में संक्रमित पक्षियों को मारने, उनका सुरक्षित निपटान करने, निगरानी रखने और सैनिटाइज़ेशन के उपाय करने के लिए रैपिड रिस्पॉन्स टीमें गठित की गई हैं।इन क्षेत्रों में चेतावनी वाले साइनबोर्ड लगाए जाएंगे और पोल्ट्री के आवागमन और बिक्री पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। पोल्ट्री फ़ार्म के कर्मचारियों के स्वास्थ्य की निगरानी भी की जा रही है। इसमें कहा गया है कि जिस भी व्यक्ति में लक्षण दिखाई देंगे, उसकी जांच की जाएगी और जरूरत पड़ने पर उसे एंटीवायरल दवा दी जाएगी।

## चित्रालय क्रिएशन्स की ओर से तीसरी प्रोडक्शन फिल्म की घोषणा, हेबाह पटेल इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगी



अर्जुन आर्ट्स के बैनर तले, चित्रालय क्रिएशन्स बैनर के अंतर्गत प्रोडक्शन नंबर 3 का निर्माण हो रहा है, जिसकी निर्माता श्रीलक्ष्मी एम हैं। फिल्म का निर्देशन सलीम मलिक करेंगे, जिन्हें मैक के नाम से जाना जाता है, जिन्होंने इससे पहले दर्जा का निर्देशन किया था। अभिनेत्री हेबाह पटेल इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगी। निर्माताओं ने हाल ही में इस परियोजना की आधिकारिक घोषणा की है।कहा जा रहा है कि यह फिल्म इमोशन-कॉमेडी एंटरटेनमेंट शैली में एक अलग अवधारणा पर आधारित होगी और इसका निर्माण बड़े पैमाने पर किया जाएगा। टीम ने कलाकारों और तकनीकी दल के बारे में भी जानकारी दी हैदर्जा से दर्शकों को प्रभावित करने वाले निर्देशक सलीम मलिक इस प्रोजेक्ट की कहानी, पटकथा और निर्देशन संभालेंगे। अनूठे विषयों को प्रस्तुत करने और दर्शकों को एक नया सिनेमाई अनुभव देने के लिए जाने जाने वाले सलीम मलिक अब एक और नई अवधारणा के साथ आ रहे हैं।

फिल्म के संवाद और गीत भाष्यश्री ने लिखे हैं, जबकि केवीआर ने अतिरिक्त पटकथा लिखी है। एम. समीर ने संगीत दिया है और विष्णु पणिक्कर छायांकन कर रहे हैं। अभिनेत्री हेबाह पटेल नायिका के रूप में नजर आएंगी। फिल्म निर्माता जल्द ही बाकी जानकारी की घोषणा करेंगे।

## 'धुरंधर 2' का दुनियाभर में भौकाल, वर्ल्डवाइड कलेक्शन 800 करोड़ पार, तोड़े 8 फिल्मों के रिकॉर्ड, 5 दिन में इंडिया नेट कलेक्शन 500 करोड़ के पार



आदित्य धर निर्देशित धुरंधर 2, बॉक्स ऑफ़िस पर उम्मीदों से कहीं ज़्यादा शानदार परफॉर्म कर रही है. रणवीर सिंह स्टारर ये फिल्म देश और दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है. धमाकेदार ओपनिंग वीकेंड के बाद इसने पहले मंडे टेस्ट में भी टॉप किया है और जबरदस्त कलेक्शन के साथ कई फिल्मों का रिकॉर्ड चकनाचूर कर दिया है. इसी के साथ चलिए यहां जानते हैं धुरंधर 2 ने 5वें दिन वर्ल्डवाइड कितनी कमाई कर डाली है.

रणवीर सिंह की स्पाई एक्शन थ्रिलर धुरंधर 2 की दीवानगी लोगों के सिर चढ़कर बोल रही है. इसका अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि शानदार ओपनिंग वीकेंड के बाद इसे देखने के लिए वीकडेज में भी भारी संख्या में दर्शक थिएटर पहुंच रहे हैं और इसी के साथ इसके कलेक्शन रजिस्टर के आंकड़े भी बढ़ते जा रहे हैं. रिलीज के महज 5 दिनों में इस फिल्म ने इतनी ज्यादा कमाई कर डाली है कि ये अपने प्रीक्वल के रिकॉर्ड को तोड़ने से बस कुछ ही दूर रह गई है.धुरंधर 2 की विदेशों में कमाई की बात करें तो इसने 210.00 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया है, जिससे इसका कुल वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 829.76 करोड़ तक पहुंच गया है. इसके साथ ही, फिल्म ने शुरुआती बॉक्स ऑफिस रफ़्तार के मामले में कई बड़ी हिंदी और पैन-इंडिया रिलीज़ फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है -

# सान्या मल्होत्रा ने शुरू की सुंदर पूनम की शूटिंग, वास्तविक घटना से प्रेरित है फिल्म!

***बॉलीवुड में इन दिनों ऐसी फिल्मों का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है, जिनका कंटेंट दमदार हो। दर्शक अब सिर्फ मनोरंजन ही नहीं, बल्कि ऐसी कहानियां भी देखना चाहते हैं जो उन्हें भावनात्मक रूप से जोड़ सकें। इसी कड़ी में सान्या मल्होत्रा की आने वाली रोमांटिक थ्रिलर फिल्म सुंदर पूनम की चर्चा जोरों पर है। एक्ट्रेस ने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसे लेकर फैंस में काफी उत्साह देखा जा रहा है।***



सान्या मल्होत्रा ने इस खास मौके की झलक अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की है। उन्होंने फिल्म की शुरुआत करने से पहले मुहूर्त पूजा की और इसकी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कीं। इन तस्वीरों में फिल्म का क्लैपबोर्ड नजर आ रहा है। इसके अलावा, वह को-स्टार्स के साथ कुछ कैंडिड मोमेंट्स वाले फोटो क्लिक करवाती दिख रही हैं।

वहीं एक वीडियो में सान्या आरती करती हुई नजर आ रही है। इस पोस्ट के साथ उन्होंने एक छोटा सा कैप्शन लिखा- सुंदर पूनम फिल्म की शूटिंग आधिकारिक तौर पर शुरू हो चुकी है। इस फिल्म का निर्देशन पुलकित कर रहे हैं। वहीं फिल्म में सान्या के साथ आदित्य रावल भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह प्रोजेक्ट प्राइम वीडियो के 2026 के स्लेट का हिस्सा है।

हाल ही में फिल्म मेकर्स ने सुंदर पूनम का फर्स्ट लुक वीडियो जारी किया था, जिसमें सान्या मल्होत्रा दुल्हन बनी नजर आई। वीडियो में देखा जा सकता है कि सान्या के किरदार पूनम का फोन लगातार रिंग हो रहा है, जिसमें सुंदर और राजू नाम के नंबर से फोन आ रहे हैं। आखिर में दुल्हन बनी सान्या मुस्कुराती है और इसके बाद एक खबर की आवाज सुनाई देती है कि एक शादीशुदा जोड़ा कश्मीर में गायब हो गया।फिल्म की कहानी के बारे में बात करें तो सुंदर पूनम में लव स्टोरी के साथ-साथ सस्पेंस और क्राइम का तड़का भी देखने को मिलेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म की कहानी एक वास्तविक घटना से प्रेरित है। कहा जा रहा है कि यह 2025 में सामने आए एक चर्चित हनीमून मर्डर केस पर आधारित हो सकती है, जिसमें शादी के तुरंत बाद एक कारोबारी की हत्या कर दी गई थी।इस फिल्म में एक नया शादीशुदा जोड़ा कश्मीर हनीमून पर जाता है। इस दौरान उनके अचानक लापता होने की खबर सामने आती है। इसके साथ ही दुल्हन पूनम से जुड़ा हैरान करने वाला सच भी सामने आता है। फिल्म की कहानी दर्शकों को चौंका देगी।

## फिल्म भूत बंगला का दूसरा गाना तू ही दिसदा जारी, खूबसूरत वादियों में खोए अक्षय-वामिका, अरिजीत सिंह ने लगाए सुर

भारतीय सिनेमा के गलियारों में जब भी कॉमेडी की बात होती है, अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की जोड़ी का नाम सबसे पहले लिया जाता है। पूरे 14 सालों के लंबे वनवास के बाद यह कल्ट जोड़ी 10 अप्रैल 2026 को फिल्म भूत बंगला के साथ बड़े पर्दे पर अपनी वापसी दर्ज कराने जा रही है। बालाजी मोशन पिक्चर्स और केप ऑफ गुड फिल्म्स के सहयोग से बनी यह फिल्म न केवल पुरानी यादों को ताजा कर रही है, बल्कि आधुनिक हॉरर-कॉमेडी के जॉनर में एक नया मील का पत्थर भी स्थापित करने की तैयारी में है।फिल्म के पहले ट्रैक राम जी आके भला करेंगे की सफलता के बाद मेकर्स ने अब इसका दूसरा गाना तू ही दिसदा रिलीज कर दिया है। जहां पहला गाना फिल्म के माहौल को सेट करता था, वहीं यह नया गाना अक्षय कुमार और वामिका गब्बी के बीच की ताजा और खूबसूरत केमिस्ट्री को उजागर करता है। अरिजीत सिंह और निखिता गांधी की रूहानी आवाजों से सजे इस गीत को झरनों, घनी हरियाली और धुंध से ढके पहाड़ों के बीच फिल्माया गया है। प्रियदर्शन का सिग्नेचर स्टाइल यानी बेहतरीन विजुअल्स और प्राकृतिक सौंदर्य इस गाने के हर फ्रेम में झलकता है, जो इसे इस साल का सबसे बेहतरीन समर लव एंथम बनाता है।भूत बंगला की सबसे बड़ी ताकत इसकी स्टार कास्ट है। अक्षय कुमार के साथ परेश रावल, राजपाल यादव और असरानी जैसे दिग्गजों की वापसी ने दर्शकों के बीच हेरा फेरी और भूल भुलैया वाले दौर की बेताबी पैदा कर दी है। इसके अलावा तब्बू और वामिका गब्बी की मौजूदगी फिल्म में अभिनय की गहराई और नयापन जोड़ती है। हाल ही में रिलीज हुए टीजर ने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है, जिसमें प्रियदर्शन के क्लासिक वन-लाइनर्स और डरावने लेकिन मजाकिया दृश्यों की झलक मिलती है। यह साफ है कि मेकर्स पुरानी यादों और नए जमाने के हॉरर का एक सटीक मिश्रण लेकर आ रहे हैं।बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड के बैनर तले एकता आर कपूर, शोभा कपूर और स्वयं अक्षय कुमार द्वारा निर्मित यह फिल्म बड़े पैमाने पर बनाई गई है। फिल्म का बज इस कदर है कि इसे 2026 की सबसे बड़ी फिल्मों की श्रेणी में रखा जा रहा है। 10 अप्रैल की रिलीज डेट जैसे-जैसे करीब आ रही है, फैंस के बीच अक्षय और प्रियदर्शन की उस टाइमिंग को फिर से देखने की होड़ मची है जिसने सालों पहले गरम मसाला और खट्टा मीठा जैसी फिल्में दी थीं।




## *सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर रिलीज हो रही सितारे जमीन पर, 3 अप्रैल से सोनी लिव पर होगी स्ट्रीम*

*अभिनेता आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' 20 जून 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब आमिर खान की यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीमिंग के लिए तैयार है। जानिए किस प्लेटफॉर्म पर कब रिलीज हो रही है 'सितारे जमीन पर'।सोनी लिव ने आधिकारिक तौर पर घोषणा कर दी है कि फिल्म 3 अप्रैल 2026 से उनके प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीमिंग शुरू हो जाएगी। यह तारीख गुड फ्राइडे के लंबे वीकेंड के साथ आ रही है। आमिर खान की इस फिल्म को लेकर उनके फैंस बेहद खुश हैं कि अब वह आमिर की फिल्म को ओटीटी पर घर बैठे देख सकेंगे।पहले आमिर खान ने कहा था कि फिल्म सितारे जमीन पर ओटीटी पर बिल्कुल नहीं आएगी। उन्होंने कहा था कि सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद इसे सीधे यूट्यूब पर 100 रुपये के किराए पर देखा जा सकेगा। लेकिन अब यह फैसला बदल गया है क्योंकि अब यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो रही है।*


## राम चरण की पेड्डी के टीजर रिलीज पर आया अपडेट, जानकर झूम उठेंगे फैंस

राम चरण की फिल्म पेड्डी साल 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित इस फिल्म के 2 गानों चिकरी चिकरी और राय राय रा रा को बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली है जिसके बाद से लोगों की उत्सुकता चरम पर है। इस बीच, खबर है कि निर्माता ज्यादा इंतजार न कराते हुए पेड्डी के टीजर जारी करने की योजना बना रहे हैं। इसके लिए राम चरण के जन्मदिन से बेहतर दिन कोई नहीं हो सकता।



के मुताबिक, पेड्डी का टीजर 27 मार्च, यानी राम चरण के जन्मदिन पर जारी होने की उम्मीद है। यह भी बताया गया है कि प्रमोशनल टीजर की अवधि सिर्फ 40 सेकंड की होगी। निर्माताओं की ओर से आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है, लेकिन अगर यह अपडेट सच साबित हुआ तो देखना दिलचस्प होगा कि अभिनेता दर्शकों को कितना प्रभावित कर पाते हैं। बता दें, राम चरण की पिछली रिलीज फिल्म गेम चेंजर (2025) खास सफल नहीं रही थी।

# दोपहर में झपकी लेने से आप दिन भर रहेंगे ऊर्जावान, जानिए कैसे



दोपहर की झपकी हर किसी के लिए जरूरी है, जिससे आप अपनी ऊर्जा को बढ़ा सकते हैं। दोपहर की नींद न केवल मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, बल्कि इसके जरिए काम करने की क्षमता को भी बढ़ाया जा सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ असरदार तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपनी दोपहर की झपकी को अधिकतम लाभकारी बना सकते हैं और इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना सकते हैं।

### सही समय चुनें

दोपहर की झपकी लेने के लिए सही समय चुनना बहुत जरूरी है। आमतौर पर दोपहर एक से 3 बजे के बीच में झपकी लेना सबसे अच्छा माना जाता है। इस समय शरीर की ऊर्जा का स्तर थोड़ा कम होता है और आप आसानी से सो सकते हैं। इससे नींद की गुणवत्ता बेहतर होती है और आप ताजगी महसूस होती है। सही समय पर झपकी लेने से काम करने की क्षमता भी बढ़ती है और आप पूरे दिन ऊर्जावान रहते हैं।

### आरामदायक स्थान बनाएं

झपकी लेने के लिए एक आरामदायक स्थान चुनें, जहां शांति हो और रोशनी कम हो। अगर आप ऑफिस में हैं तो किसी खाली कमरे का उपयोग कर सकते हैं या डेस्क पर सिर झुकाकर आराम कर सकते हैं। घर पर बिस्तर या सोफे का उपयोग करें, जहां आपको पूरी तरह से आराम मिले। इसके अलावा, अगर संभव हो तो आंखों पर पट्टी बांधें, ताकि रोशनी न आए और आप बिना किसी बाधा के सो सकें।

### समय का ध्यान रखें

झपकी लेते वक्त समय का ध्यान रखना न भूलें, ताकि आप समय पर उठ सकें। यह बहुत जरूरी है, क्योंकि अगर आप ज्यादा देर तक सो जाएंगे तो आपकी रात की नींद प्रभावित हो सकती है और आप अगले दिन थका हुआ महसूस करेंगे। समय का ध्यान रखने से आपको यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि आपकी झपकी 20-30 मिनट से ज्यादा न हो, जिससे आपकी ऊर्जा बढ़ेगी और आप तरोताजा महसूस करेंगे।

### गहरी सांस लें

झपकी लेते समय गहरी सांस लेना बहुत फायदेमंद होता है। इससे मन शांत होता है और नींद जल्दी आती है। गहरी सांस लेने से शरीर में ताजी हवा का स्तर बढ़ता है, जिससे आपका शरीर आराम महसूस करता है। इससे आपकी नींद की गुणवत्ता भी बेहतर होती है और आप ताजगी महसूस करते हैं। गहरी सांस लेने से मानसिक तनाव भी कम होता है और आप अधिक ऊर्जा महसूस करते हैं।

### नियमितता बनाए रखें

झपकी लेने की आदत को नियमित बनाए रखना जरूरी है। हर दिन एक ही समय पर झपकी लेने से आपका शरीर उसे पहचानने लगता है और आसानी से सो जाता है। नियमितता से आपकी नींद की गुणवत्ता भी बेहतर होती जाती है और आप अधिक तरोताजा महसूस करते हैं। इस प्रकार, दोपहर की झपकी आपके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद साबित हो सकती है। इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा जरूर बनाएं।

# बालों को कितनी बार धोना होता है सही? जानिए इससे जुड़े मिथकों की सच्चाई



बालों को धोने की सही संख्या पर कई भ्रम और गलतफहमियां प्रचलित हैं। कुछ लोग मानते हैं कि रोजाना बाल धोना जरूरी है, जबकि कुछ लोग इसे नुकसानदायक मानते हैं। इस लेख में हम इन भ्रमों की सच्चाई जानेंगे और समझेंगे कि वास्तव में कितनी बार बाल धोने चाहिए, ताकि वे स्वस्थ और सुंदर बने रहें। सही तरीके से बालों की देखभाल करने से आप अपने बालों को मजबूत और चमकदार बना सकते हैं।

### भ्रम: रोजाना बाल धोना है जरूरी

कई लोग मानते हैं कि रोजाना बाल धोना जरूरी होता है, ताकि वे साफ-सुथरे रहें और उनमें गंदगी न लगे। हालांकि, यह पूरी तरह सही नहीं है। रोजाना बाल धोने से सिर का प्राकृतिक तेल उत्पादन प्रभावित हो सकता है, जिससे बाल सूखे और कमजोर हो सकते हैं। हफ्ते में 2 बार बाल धोना ही पर्याप्त होता है, ताकि वे स्वस्थ रहें और उनकी चमक बनी रहे। ज्यादा धोने से बाल झड़ने की समस्या भी खड़ी हो जाती है।

### भ्रम: बाल धोने के बाद नहीं करना चाहिए कंडीशनर का उपयोग

कुछ लोगों का मानना है कि बाल धोने के बाद कंडीशनर का उपयोग नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे बाल चिकने हो जाएंगे और गंदगी जल्दी चिपकेगी। सच यह है कि सही प्रकार का कंडीशनर बालों को पोषण देता है और उन्हें मुलायम बनाता है। इसे सही तरीके से इस्तेमाल करने पर बाल चिकने नहीं होते, बल्कि स्वस्थ और चमकदार दिखते हैं। इसलिए बाल धोने के बाद कंडीशनर का उपयोग करना फायदेमंद होता है।

### भ्रम: बालों की लंबाई के अनुसार उन्हें धोने चाहिए

एक आम भ्रम यह है कि बालों की लंबाई पर निर्भर करता है कि कितनी बार उन्हें धोना चाहिए। लंबे बालों वाले लोग अक्सर डरते हैं कि अगर वे ज्यादा धोएंगे तो बाल ज्यादा टूटेंगे। हालांकि, यह पूरी तरह सच नहीं है। सही शैंपू और तरीके का उपयोग करने पर लंबे बाल भी धोएं तो वे स्वस्थ रहते हैं। छोटे बालों वाले लोगों को भी अपनी जरूरत के अनुसार ही बाल धोने चाहिए, ताकि वे साफ-सुथरे रहें।

### भ्रम: बालों की प्रकार पर निर्भर करता है उन्हें कितनी बार धोना चाहिए

कुछ लोग मानते हैं कि बालों की प्रकार पर निर्भर करता है कितनी बार उन्हें धोना चाहिए। अगर आपके बाल तैलीय प्रकार के हैं तो आपको रोजाना उन्हें धोना पड़ सकता है, ताकि अतिरिक्त तेल हट सके। वहीं अगर आपके बाल सूखे या बेजान हैं तो हफ्ते में एक या 2 बार ही धोना बेहतर होता है, ताकि उनकी प्राकृतिक नमी बनी रहे। हालांकि, रोजाना बाल धोने से वे बहुत कमजोर हो जाते हैं।

### भ्रम: बाल धोने से पहले तेल लगाना होता है जरूरी

कई लोग मानते हैं कि बाल धोने से पहले तेल लगाना जरूरी होता है, ताकि वे मजबूत बने रहें और टूटें नहीं। हालांकि, अगर आप नियमित रूप से बाल धोते हैं तो ऐसा करना जरूरी नहीं होता। हफ्ते में एक बार ही तेल लगाना काफी होता है, ताकि आपके बाल स्वस्थ रहें और उनमें चमक बनी रहे। सही तरीके से बालों की देखभाल करने से आप अपने बालों को मजबूत और सुंदर बना सकते हैं।

# ईरान-अमेरिका जंग के चलते इस देश में आपातकाल घोषित, रॉकेट बना पेट्रोल, बिजली भी बंद..

मनीला (आरएनएस)। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव का असर अब दुनिया के कई देशों पर साफ दिखाई देने लगा है। इसी कड़ी में Philippines ने ऊर्जा आपूर्ति पर मंडराते खतरे को देखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर आपातकाल घोषित कर दिया है। देश के राष्ट्रपति Ferdinand Marcos Jr. ने आदेश जारी कर कहा कि मौजूदा हालात में ईंधन की उपलब्धता बनाए रखना और अर्थव्यवस्था को झटके से बचाना बेहद जरूरी हो गया है।



### होर्मुज जलडमरूमध्य पर असर से बढ़ी चिंता

Iran के साथ जारी तनाव, जिसमें United States और Israel भी शामिल हैं, के चलते Strait of Hormuz पर आवाजाही प्रभावित हुई है। यह मार्ग वैश्विक तेल आपूर्ति की रीढ़ माना जाता है। इसके बाधित होने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में तेज उछाल आया है और सप्लाई पर दबाव बढ़ गया है।

### आयात पर निर्भरता बनी बड़ी चुनौती

Philippines अपनी लगभग 98% तेल जरूरतों के लिए खाड़ी देशों पर निर्भर है। ऐसे में संकट के बाद देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे आम लोगों की लागत और महंगाई दोनों बढ़ गई हैं।

### सरकार ने उठाए आपात कदम

स्थिति से निपटने के लिए सरकार ने एक विशेष निगरानी समिति गठित करने का फैसला किया है, जो ईंधन के साथ-साथ खाद्य पदार्थों और दवाइयों की आपूर्ति पर नजर रखेगी। साथ ही सरकार को सीधे तेल खरीदने के विशेष अधिकार भी दिए गए हैं, ताकि सप्लाई चेन बाधित न हो। यह आपातकाल फिलहाल एक वर्ष के लिए लागू किया गया है, जिसे जरूरत पड़ने पर बढ़ाया या समाप्त किया जा सकता है।

### फैसले पर मिली-जुली प्रतिक्रिया

सरकार के इस कदम पर देश में अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। जहां कुछ लोग इसे समय की जरूरत बता रहे हैं, वहीं मजदूर संगठनों ने इसकी आलोचना की है। उनका कहना है कि पहले हालात को सामान्य बताया गया और अब अचानक आपातकाल लागू कर दिया गया।

### हड़ताल की तैयारी, राहत उपाय भी जारी

बढ़ती ईंधन कीमतों से नाराज ट्रांसपोर्ट सेक्टर के लोग हड़ताल की तैयारी में हैं। उनका कहना है कि महंगे ईंधन से उनकी आय पर सीधा असर पड़ रहा है। सरकार ने कुछ राहत उपाय भी शुरू किए हैं, जैसे ड्राइवरों को सब्सिडी देना और ईंधन की खपत कम करने के लिए कार्यदिवस घटाने जैसे कदम।फिलहाल देश के पास सीमित अवधि का ईंधन भंडार बचा है। ऐसे में यह संकट न केवल Philippines बल्कि दुनिया के अन्य तेल-आयातक देशों के लिए भी बड़ी चुनौती बनता जा रहा है।

## अमेरिकी केवल अपने से ही बातचीत कर रहे हैं, ट्रंप के युद्धविराम के दावे का ईरानी सेना ने उड़ाया मजाक

न्यूयॉर्क (आरएनएस)। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच ईरान की सेना ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया बयान का कड़ा मज़ाक उड़ाया है। ट्रंप ने दावा किया था कि ईरान के साथ दो दिनों तक सकारात्मक बातचीत हुई है, जिसके चलते अमेरिका अगले पांच दिनों तक कोई हमला नहीं करेगा।इस पर प्रतिक्रिया देते हुए ईरानी सेना के खातम अल-अंबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल इब्राहिम ज़ोल्फ़ागारी ने अमेरिकी दावों को खारिज कर दिया। सरकारी टीवी पर प्रसारित एक रिकॉर्डेड संदेश में उन्होंने कहा कि अमेरिका की तथाकथित रणनीतिक शक्ति अब विफलता में बदल चुकी है।उन्होंने तंज कसते हुए कहा, जो देश खुद को वैश्विक महाशक्ति बताता है, अगर वह इस स्थिति से निकल सकता तो अब तक निकल चुका होता। ईरानी सेना ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि वह अपनी हार को समझौते का रूप देने की कोशिश न करे। साथ ही, अमेरिकी बयानों को खोखला बताते हुए कहा गया कि अब ऐसे दावों का समय खत्म हो चुका है।ज़ोल्फ़ागारी ने आगे कहा, क्या आपके आंतरिक मतभेद इतने बढ़ गए हैं कि अब आप खुद से ही बातचीत कर रहे हैं? यह बयान ऐसे समय में आया है जब ट्रंप प्रशासन की ओर से पाकिस्तान के माध्यम से ईरान को 15 सूत्रीय युद्धविराम प्रस्ताव भेजे जाने की खबर सामने आई है। हालांकि, ईरान ने साफ कर दिया है कि वह किसी भी तरह के समझौते के पक्ष में नहीं है। ईरानी प्रवक्ता ने दो टूक कहा, हमारा रुख शुरू से ही स्पष्ट रहा है और आगे भी रहेगा— हम आपके जैसे लोगों से न कभी समझौता करेंगे, न अब, न भविष्य में।

## जीत तक जारी रहेगी लड़ाई..ट्रंप के दावे के बाद ईरानी सेना का बड़ा ऐलान



तेहरान (आरएनएस)। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच ईरान की शीर्ष सैन्य कमान ने मंगलवार को एक बड़ा और सनसनीखेज ऐलान किया है। ईरानी सेना ने दुनिया को साफ संदेश दे दिया है कि उसकी सशस्त्र सेनाएं 'पूर्ण विजय' हासिल होने तक बिल्कुल पीछे नहीं हटेंगी और यह महायुद्ध जारी रहेगा। खातम-अल-अनबिया केंद्रीय मुख्यालय के प्रवक्ता मेजर जनरल अली अब्दुल्लाही अलीबादी ने हुंकार भरते हुए कहा कि ईरान की शक्तिशाली सेनाएं देश की अखंडता की रक्षा के लिए पूरी तरह से अडिग और विजयी हैं। उनका यह आक्रामक बयान ऐसे समय में आया है जब पूरे मध्य पूर्व में युद्ध के बादल बेहद घने हो चुके हैं और हर बीतते दिन के साथ हमले तेज होते जा रहे हैं।

जनरल अलीबादी की यह सख्त टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस हालिया घोषणा के जवाब में आई है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि तेहरान और वाशिंगटन के बीच शांति को लेकर बातचीत चल रही है। ईरान ने अमेरिका के साथ किसी भी तरह की प्रत्यक्ष वार्ता से साफ इनकार कर दिया है। ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगेर कलिबफ ने सोशल मीडिया पर ट्रंप के दावों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि ऐसी झूठी और फर्जी खबरों का इस्तेमाल केवल वित्तीय और तेल बाजारों में हेरफेर करने की एक साजिश के तहत किया जा रहा है। वहीं, ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने यह जरूर स्पष्ट किया है कि वे युद्ध के हालात पर मिस्र, ओमान, पाकिस्तान, रूस और तुर्किये सहित कई क्षेत्रीय देशों के लगातार संपर्क में हैं। ईरानी सरकारी टेलीविजन पर अपने संबोधन में जनरल अलीबादी ने कहा कि हमारी सेनाएं दुश्मनों के खिलाफ मजबूती से खड़ी हैं और जब तक 'पूर्ण विजय' नहीं मिल जाती, तब तक हमारे कदम नहीं रुकेंगे।

### इराक में ईरान समर्थित गुट पर आसमान से बरसी मौत, भीषण एयरस्ट्राइक में टॉप कमांडर समेत 14 लड़ाके ढेर

बगदाद (आरएनएस)। ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच जारी भारी तनाव के बीच इराक से एक बेहद बड़ी और सनसनीखेज खबर सामने आई है। इराक में तेहरान समर्थित मिलिशिया लड़ाकों के एक प्रमुख हेडक्वार्टर पर भीषण हवाई हमला किया गया है। इस विनाशकारी एयरस्ट्राइक में मिलिशिया के एक बड़े कमांडर सहित 14 लड़ाके मौके पर ही ढेर हो गए हैं। हमले के तुरंत बाद मुख्यालय की इमारत से आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार उठता देखा गया। हालांकि अभी तक किसी भी देश या संगठन ने आधिकारिक तौर पर इस एयरस्ट्राइक की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन मिलिशिया गुटों ने इसका सीधा आरोप अमेरिका पर मढ़ा हैस्थानीय सूत्रों और इराक से मिली जानकारी के अनुसार, यह अचूक निशाना अनबार प्रांत में स्थित पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेज (PMF) के एक अहम मुख्यालय पर लगाया गया है। इस शिया मिलिशिया गुट को ईरान का खास समर्थक माना जाता है।

## 27 मार्च को पीएम पद की शपथ लेंगे बालेंद्र शाह

काठमांडू (ए.)। नेपाल के नए प्रधानमंत्री के तौर पर बालेन्द्र शाह 27मार्च को शपथ लेने जा रहे हैं। उनके इस शपथग्रहण समारोह को विशेष बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस समारोह की टाइमिंग इसलिए भी खास है, क्योंकि शपथग्रहण के लिए रामनवमी का दिन चुना गया है। यह वही समय होगा जब अयोध्या के राममंदिर में विशेष पूजा की जा रही होगी। शपथग्रहण का शुभ मुहूर्त शुक्रवार को चैत्र नवरात्र के श्रीरामनवमी की तिथि को तय किया गया है। शपथग्रहण का समय स्थानीय समयानुसार दोपहर 12 बजकर 44 मिनट पर तय किया गया है। यह वही समय है जब अयोध्या में राम मंदिर में रामनवमी के अवसर पर विशेष पूजा होगी। राष्ट्रपति भवन शीतल निवास के तरफ से लोगों को भेजी जा रही शपथग्रहण के निमंत्रण के अनुसार बालेन्द्र शाह इसी शुभ समय में शपथ लेने वाले हैं।



स्वस्ति वाचन और शंखनाद बनाएंगे आयोजन को खास

बालेन्द्र की टीम के तरफ से भी इस बात की पुष्टि की गई है कि पंचांग में शुभ मुहूर्त देख कर शपथग्रहण का समय तय किया गया है। यह शपथग्रहण केवल एक औपचारिक प्रक्रिया न होकर धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ा विशेष आयोजन भी होगा। शपथग्रहण समारोह के दौरान 108 हिन्दू बटुकों द्वारा स्वस्ति वाचन किया जाएगा, जिसे शुभ और मंगलकारी माना जाता है।

## ईरानी फिल्ममेकर कियारोस्तामी के घर पर बमबारी

### *विदेश मंत्रालय का तीखा सवाल........क्या सांस्कृतिक विरासत भी थी खतरा?*

तेहरान,(ए.)। ईरान के मशहूर दिवंगत फिल्म निर्देशक अब्बास कियारोस्तामी के घर पर हालिया बमबारी में नुकसान पहुंचने की खबर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ा दी है। यह हमला शिराज में हुआ, जहां अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हमलों के दौरान कई इलाकों को निशाना बनाया गया।कियारोस्तामी के बेटे अहमद कियारोस्तामी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार रात हुई बमबारी में उनके पिता के घर को नुकसान पहुंचा। उन्होंने लिखा कि उनकी मां ने उन्हें फोन कर अपनी सलामती की जानकारी दी, लेकिन बाद में पता चला कि उनके पिता का घर क्षतिग्रस्त हो गया है। इस घटना पर ईरान का विदेश मंत्रालय ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने तंज कसते हुए सवाल किया कि क्या कियारोस्तामी का घर भी अमेरिका के लिए किसी खतरे का हिस्सा था? उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल एक देश के खिलाफ नहीं, बल्कि उसकी संस्कृति, सभ्यता और पहचान पर भी हमला है।

उल्लेखनीय है कि अब्बास कियारोस्तामी ईरान के सबसे प्रतिष्ठित फिल्मकारों में गिने जाते थे। उनकी फिल्म टेस्ट ऑफ चेरी को 1997 में कान्स फिल्म समारोह में प्रतिष्ठित पाल्मे डीओर पुरस्कार मिला था। वहीं उनकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित फिल्म सर्टिफाइड कॉपी में फ्रांसीसी अभिनेत्री जूलियट बिनोश ने मुख्य भूमिका निभाई थी। कियारोस्तामी का 2016 में निधन हो गया था, लेकिन उनकी फिल्मों को आज भी विश्व सिनेमा में खास स्थान प्राप्त है।

इस बीच, क्षेत्र में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में दावा किया था कि ईरान के साथ संघर्ष समाप्त करने को लेकर सकारात्मक बातचीत जारी है, हालांकि ईरानी अधिकारियों ने इस पर संदेह जताया है।

# खेल समाचार

## आईपीएल 2026: सनराइजर्स हैदराबाद ने जैक एडवर्ड्स की जगह पर 35 वर्षीय तेज गेंदबाज को शामिल किया

नईदिल्ली,(ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के लिए सनराइजर्स हैदराबाद ने डेविड पायने को अपने साथ जोड़ा है। दरअसल, जैक एडवर्ड्स टीम से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह पर पायने को शामिल किया है। सनराइजर्स हैदराबाद ने आधिकारिक तौर पर ये ऐलान किया है। बता दें कि पायने ने अब तक आईपीएल में डेब्यू नहीं किया है। वह आगामी सीजन के दौरान खेलते हुए नजर आ सकते हैं। आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं।

35 साल के पायने को टी-20 क्रिकेट खेलने का अच्छा खासा अनुभव है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने अब तक 233 मैच खेले हैं, जिसमें 21.16 की औसत और 8.03 की इकॉनमी रेट के साथ 304 विकेट लिए हैं। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 24 रन देते हुए 5 विकेट लेना रहा है। उन्होंने इंग्लैंड की ओर से एक वनडे मैच (बनाम नीदरलैंड, 2022) भी खेला है।

बल्लेबाज: ट्रेविस हेड, स्मरण रविचंद्रन और अनिकेत वर्मा। ऑलराउंडर: अभिषेक शर्मा, कामिन्दु मेंडिस, नितीश रेड्डी, शिवांग कुमार, लियाम लिविंगस्टोन, और हर्ष दुबे। विकेटकीपर: ईशान किशन, हेनरिक क्लासेन और सलिल अरोड़ा। गेंदबाज: ब्रायडन कार्स, पैट कमिंस, ईशान मलिंगा, जयदेव उनादकट, हर्शल पटेल, जिशान अंसारी, शाकिब हुसैन, ओंकार तुकाराम तरमले, अमित कुमार, प्रफूल हिंगे, क्रेन्स फुलेत्रा, शिवम मावी और पायने।

सनराइजर्स हैदराबाद की टीम आईपीएल 2026 में अपने अभियान की शुरुआत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच से करेगी। शुरुआती कुछ मैचों में पैट कमिंस नहीं खेलेंगे और उनकी गैरमौजूदगी में ईशान किशन कप्तानी करेंगे। सनराइजर्स हैदराबाद अपने दूसरे मैच में 2 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स से भिड़ेगी। इसके बाद डी सनराइजर्स हैदराबाद को 5 अप्रैल को लखनऊ सुपर जायंट्स से और 11 अप्रैल को पंजाब किंग्स से मैच खेलने हैं।

## आईपीएल 2026 में नहीं खेलेंगे यश दयाल, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने की पुष्टि

नईदिल्ली,(ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज यश दयाल हिस्सा नहीं लेंगे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के क्रिकेट डायरेक्टर मो बोबाट ने क्रिकबज से इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि दयाल अभी भी टीम के कॉन्ट्रैक्ट का हिस्सा हैं और फिलहाल उनकी जगह पर किसी और खिलाड़ी को टीम में नहीं जोड़ा जाएगा। आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं।

बोबाट ने बेंगलुरु में हुई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा यश टीम में शामिल नहीं होंगे। जैसा कि आप जानते हैं, वह एक निजी मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। और यह साफ करने के लिए कि हम अब तक यश का पूरा साथ देते आए हैं। यह इस बात से जाहिर होता है कि जब हमारे पास खिलाड़ियों को रिटेन करने या रिलीज करने का मौका था, तब हमने उन्हें रिटेन किया था।

दयाल ने आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से खेलते हुए 15 मैचों में 36.15 की औसत के साथ 13 विकेट लिए थे। दयाल ने अपने आईपीएल करियर में 43 मैच खेले हैं, जिसमें 33.90 की औसत और 9.57 की इकॉनमी रेट से 41 विकेट लिए हैं।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने जेद्दा में आईपीएल 2026 में हुई छोटी नीलामी से पहले दयाल को 5 करोड़ रुपये में रिटेन किया था, जिस पर उन्हें काफी आलोचना झेलनी पड़ी थी। बता दें कि उनके खिलाफ यौन शोषण के गंभीर आरोप लगे थे।

## मिचेलसन को हराकर मियामी ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचें सिनर

मियामी (ए.)। इटली के टेनिस स्टार जैनिक सिनर ने अमेरिका के एलेक्स मिचेलसन को 7-5, 7-6(4) से हराकर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया है। इस जीत के साथ ही सिनर मियामी ओपन के अपने पहले पांच मुकाबलों में क्वार्टरफाइनल तक पहुंचने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले यह उपलब्धि केवल यानिक नोह और स्टीफन एडबर्ग को हासिल हुई थी। सिनर ने दूसरे सेट में 2-5 से पीछे होने के बाद बेहतरीन वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम किया। जीत के बाद सिनर ने कहा कि अच्छी सर्विस के कारण ही वह जीत हासिल कर पाये हैं। साथ ही कहा कि खिताबी जीत के लिए अभी उन्हें काफी प्रयास करना होगा। इसके लिए उन्हें खेल का स्तर ऊंचा उठाना होगा। इसके लिए वह ब्रेक के दौरान अभ्यास करेंगे। वहीं एक अन्य मुकाबले में स्पेन के युवा खिलाड़ी मार्टन ने भी बड़ा उलटफेर करते हुए अमेरिकी खिलाड़ी सेबेस्टीयन कोर्डा को 2-6, 7-6(6), 6-4 से हराकर क्वार्टरफाइनल में स्थान बनाया। अब उनका सामना जिरी लेलेका से होगा। से होगा। लेलेका ने टेलर फिट्ज को हराकर बड़ा उलटफेर किया था।



## आईपीएल में प्रशांत वीर सहित इन उभरते हुए खिलाड़ियों पर रहेंगी नजरें



नई दिल्ली (ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इस बार प्रशांत किशोर सहित पांच उभरते हुए खिलाड़ियों को खेलने का अवसर मिलेगा। ऐसे में ये सभी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर अपने को साबित करने के इरादे से उतरेंगे। आईपीएल एक ऐसा मंच है जिसपर उभरती प्रतिभाओं को अवसर मिलता रहा है और ये ही इस बार भी हो रहा है।

प्रशांत वीर : चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने प्रशांत को 14.2 करोड़ रुपये की मोटी रकम में खरीदकर सबको हैरान कर दिया था। प्रशांत निचले क्रम में आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। इसके साथ ही वह बाएं के एक अच्छे स्पिनर हैं। जिसकी घूमती हुइ गेंदों का सामना करना बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं होता। प्रशांत को ऑलराउडर रविन्द्र जडेजा की कमी करने शामिल किया गया है। ऐमें सभी की नजरें उनपर रहेंगी। यूपी टी20 लीग 2025 में प्रशांत ने 155 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 320 रन बनाए थे, जबकि 6.69 की इकोनॉमी से गेंदबाजी करते हुए 8 विकेट भी निकाले थे।

कार्तिक शर्मा: कार्तिक को चेन्नई सुपर किंग्स ने नीलामी में 14.2 करोड़ की मोटी रकम लगाकर खरीदा है। कार्तिक विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं और अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण सभी की नजरों में आये। लंबे-लंबे छक्के लगाना कार्तिक की खूबी है।

आकिब नबी डार: तेज गेंदबाज आकिब नबी की शानदार गेंदबाजी से जम्मूकश्मीर पहली बार रणजी ट्रॉफी जीतने में सफल रही। आकिब इस सत्र में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेलते नजर आयें। अब देखना है कि वह इमसें कितना प्रभावित करते हैं।

मुकुल चौधरी: विकेटकीपर-बल्लेबाज मुकुल चौधरी लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से उतरेंगे। मुकुल राजस्थान की तरफ से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं और अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। इस घरेलू सीजन में उन्होंने 5 पारियों में 200 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 173 रन बनाए थे। वह अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण मैच विजेता माने जाते हैं।

## वैभव के पास अच्छा बल्लेबाजी कौशल : जितेश



मुम्बई (ए.)। विकेटकीपर बल्लेबाज जीतेश शर्मा ने उभरते हुए युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की जमकर प्रशंसा की है। जितेश के अनुसार वैभव एक ऐसे बल्लेबाज हैं जो हमेशा आक्रामक बल्लेबाजी पसंद करते हैं। उनके पास अच्छा कौशल है और वह आने वाले समय में विश्व क्रिकेट में छा सकते हैं। वैभव ने केवल 15 साल की उम्र में ही काफी कुछ हासिल कर लिया है। पहले आईपीएल में ही उन्होंने 35 गेंदों में शतक लगाकर सबको हैरान कर दिया था। इसके बाद उन्होंने ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड में भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अंडर-19 विश्व कप में भी शानदार प्रदर्शन किया और फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 175 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। इसके बाद भी इस बार आईपीएल में उनकी राह आसान नहीं रहेगी। इस बार उनकी कड़ी परीक्षा होगी। पिछले सीजन में शानदार प्रदर्शन के बाद अब सभी टीमों के गेंदबाज उनकी बल्लेबाजी का आंकलन कर उनाक कमजोर पक्ष निकालने का प्रयास कर रहे हैं और उन सभी का लक्ष्य उस क्षेत्र में गेंदबाजी करना रहेगा जिसमें वह कमजोर हैं। इस बार टीम में संजू सैमसन के नहीं होने से भी वैभव को बड़ी जिम्मेदारी निभानी होगी। ये भी हो सकता है कि उन्हें यशस्वी जायसवाल के साथ पारी शुरु करने का अवसर मिल सकता है। वहीं दक्षिण अफ्रीक के पूर्व कप्तान ए बी डिविलियर्स ने कहा कि वह एक शानदार खिलाड़ी हैं। उन्होंने वैभव को अंडर-19 में बल्लेबाजी करते हुए देखा है। डिविलियर्स ने कहा, जब आपको आईपीएल और बड़ी क्रिकेट लीग का अनुभव मिलता है और आप फिर भी उसी स्तर का प्रदर्शन करते हैं, तो यह आसान नहीं होता। उन्होंने जिस तरह से अंडर-19 विश्व कप में खेला, उससे मैं बहुत प्रभावित हुआ। मैं उनके खेलने के तरीके की बात कर रहा हूं। उन्होंने अपने गेम प्लान पर कायम रहते हुए खेला। जैसे उन्होने आईपीएल में खेला, वैसे ही वहां भी खेला।


### राजस्थान रॉयल्स की पूरी हिस्सेदारी अमेरिकी उद्यमी कल सोमानी के नेतृत्व वाले समूह ने खरीदी

नईदिल्ली,(ए.)। अमेरिका के उद्यमी कल सोमानी के नेतृत्व वाले एक समूह ने 1.63 अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग 15,289 करोड़ रुपये) में राजस्थान रॉयल्स की शत-प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है। यह सौदा आईपीएल फ्रेंचाइजी के इतिहास में सबसे महंगे सौदों में से एक माना जा रहा है। इस समूह में सोमानी के साथ रॉब वाल्टन (वॉलमार्ट) और हैम्प (फोर्ड) परिवार भी शामिल हैं। खबरों के मुताबिक, यह स्वामित्व 2026 के आईपीएल संस्करण के बाद प्रभावी होगा।

कल सोमानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्पोर्ट्स टेक के क्षेत्र में सक्रिय हैं और उन्होंने इंट्राएज और ट्रयूओ जैसी कंपनियों की स्थापना की है। क्रिकेट के अलावा उनकी गोल्फ में भी काफी दिलचस्पी है। वे मोटर सिटी गोल्फ क्लब के संस्थापकों में से एक हैं। टाइगर वुड्स इस क्लब के प्रमुख चेहरे रहे हैं।

## कोको गाफ मियामी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची

फ्लोरिडा (ए)। अमेरिका की महिला टेनिस खिलाड़ी कोको गाफ मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गयी हैं। गाफ ने क्वार्टर फाइनल में स्विटजरलैंड की मेलिंडा बेनसिस को हराया। गॉफ ने इस मुकाबले के बीच में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। मैच में गाफ ने पहला सेट 6-3 से जीता पर दूसरे सेट में उसे 1-6 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं तीसरे सेट में गाफ ने खराब शुरुआत से उबरते हुए जबरदस्त वापसी करते हुए मुकाबला 6-3, 1-6, 6-3 से अपने नाम किया। जीत के बाद गाफ ने कहा, यह एक कठिन मैच था। बेलिंडा काफी अच्छी खिलाड़ी हैं। इस मैच में जीत के लिए मुझे काफी संघर्ष करना पड़ा।अब सेमीफाइनल में गाफ का सामन चेक गणराज्य की केरोलिन मुचोवा से होगा। यह मुकाबला काफी रोमांचक होने की उम्मीद है।



# समेरिटंस विद्यालयों के परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र द्वारा बुधवार को कक्षा पांचवीं और आठवीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इन परीक्षा परिणामों में एक बार फिर समेरिटंस समूह के विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठा के अनुसार प्रदर्शन किया। समूह के नर्मदापुरम जुमेराती, माखननगर, सोहागपुर और सिवनी मालवा सभी चारों विद्यालयों के परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहे। विद्यार्थियों की उल्लेखनीय और शानदार उपलब्धि पर विद्यालयों के प्राचार्यों सहित समेरिटंस ग्रुप के डायरेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही शिक्षकों को भी बधाई दी। परीक्षा परिणाम घोषित होने की सूचना पहले से ही होने के चलते परिणामों को लेकर शिक्षकों और विद्यार्थियों में खासा उत्साह और उत्सुकता रही। परिणाम घोषित होते ही विद्यालयों में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई। शिक्षक-शिक्षिकाओं अभिभावकों और बच्चों ने एक.दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।

समेरिटंस विद्यालय जुमराती में कक्षा पांचवीं में 23 में से 22 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय में छात्र आदित्य सोनगरा ने 400 में 330 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि कक्षा आठवीं में सभी 22 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा आठवीं में अंशिका शर्मा ने 600 में से 519 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान अर्जित किया।

समेरिटंस विद्यालय माखननगर का परीक्षा परिणाम भी शत.प्रतिशत रहा।

विद्यालय में कक्षा पांचवीं में कुल 57 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिसमें से 50 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। जबकि कक्षा आठवीं में 50 में से 49 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की। कक्षा पांचवीं में छात्र अंश पटवा ने 89 प्रति अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि कक्षा आठवीं में छात्र उत्कर्ष वर्मा ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान बनाया।समेरिटंस विद्यालय सोहागपुर में कक्षा पांचवीं में 22 और कक्षा आठवीं में 11 बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। विद्यालय के सभी बच्चों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर रिकार्ड बनाया। विद्यालय के छात्र शौर्य पठारिया ने कक्षा पांचवीं में 93 प्रतिशत और कक्षा आठवीं कर छात्रा अक्षिता केने ने 91 प्रतिशत अंक अर्जितकर विद्यालय में प्रथम स्थान बनाया।समेरिटंस विद्यालय सिवनी मालवा में कक्षा पांचवीं में 15 और कक्षा आठवीं में कुल 18 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए थे। ये सभी बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहे। कक्षा पांचवी की छात्रा नैनी साहू 93 प्रतिशत अंकों के साथ और कक्षा आठवीं की छात्रा खुशी जाट 94 अंकों के साथ विद्यालय में अव्वल रही।

### परीक्षा परिणाम एक नजर में

**जुमेराती विद्यालय**

**कक्षा पांचवीं**
कुल विद्यार्थी 23
प्रथम श्रेणी 22
द्वितीय श्रेणी 01
**कक्षा आठवीं**
कुल विद्यार्थी 22
प्रथम श्रेणी 22
द्वितीय श्रेणी 00

**सोहागपुर विद्यालय**

**कक्षा पांचवी**
कुल विद्यार्थी 22
प्रथम श्रेणी 22
द्वितीय श्रेणी 00
**कक्षा आठवीं**
कुल विद्यार्थी 11
प्रथम श्रेणी 11
द्वितीय श्रेणी 00

***माखन नगर विद्यालय***

**कक्षा पांचवीं**
कुल विद्यार्थी 57
प्रथम श्रेणी 50
द्वितीय श्रेणी 07
**कक्षा आठवीं**
कुल विद्यार्थी 50
प्रथम श्रेणी 49
द्वितीय श्रेणी 01

***सिवनी मालवा विद्यालय***

कक्षा पांचवीं
कुल विद्यार्थी 15
प्रथम श्रेणी 15
द्वितीय श्रेणी 00
**कक्षा आठवीं**
कुल विद्यार्थी 18
प्रथम श्रेणी 18
द्वितीय श्रेणी 00

## जिले में पेट्रोल, डीज़ल एवं एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध, आपूर्ति पूरी तरह सुचारू : जिला आपूर्ति अधिकारी


नर्मदापुरम (निप्र)। जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती रश्मि साहू ने जानकारी दी है कि जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल एवं डीज़ल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित है। उन्होंने बताया कि पेट्रोल पंपों पर ईंधन की आपूर्ति सतत एवं नियमित रूप से की जा रही है तथा वर्तमान खपत को दृष्टिगत रखते हुए पेट्रोलियम पदार्थों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिले की आवश्यकता के अनुरूप एलपीजी गैस का भी पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है।

जिला प्रशासन द्वारा पेट्रोल, डीज़ल एवं एलपीजी के स्टॉक की निरंतर निगरानी की जा रही है, जिससे आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनी रहे। जिला आपूर्ति अधिकारी ने कहा कि पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति में किसी प्रकार की कोई बाधा नहीं है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि वे केवल आवश्यकता अनुरूप ही पेट्रोलियम पदार्थों का क्रय करें, किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा अनावश्यक रूप से पेट्रोल-डीज़ल का आवश्यकता से अधिक भंडारण न करें।

# परम पूज्यनीय जगदंबा के अलावा कोई नहीं है-आचार्य पं जितेन्द्रिय महाराज

***सतरस्ते पर जारी है देवी भागवत कथा, कथा का विश्राम 27 मार्च को होगा***

नर्मदापुरम (निप्र)। यदि दुनिया में कोई परम पूज्यनीय है तो सिर्फ जगदंबा हैं। उनके अलावा परम पूज्यनीय कोई और नहीं है। हर कोई के लिए परम पून्यनीय शब्द नहीं लगाना चाहिए। यह अमृत उद्गार देवी भागवत कथा दक्षिणेश्वरी माता महाकाली सांस्कृतिक उत्सव समिति द्वारा सतरस्ते पर आयोजित देवी भागवत कथा में राजराजेश्वरी बाराही धाम डुंगारिया जिला सीहोर से पधारे सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य पं जितेन्द्रिय महाराज (बशिष्ठ) ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि ब्रम्हा विष्णु महेश भी जिनकी सेवा करते हैं वह सिर्फ जगदंबा ही हैं। आप सब सौभाग्य शाली है कि मां नर्मदा के पावन तट नर्मदापुरम में रहते हैं। नवरात्र महोत्सव में देवी भागवत कथा श्रवण कर रहे हैं। इसमें भी देवी की ही कृपा है। आप सब मां नर्मदा तटवासी जिनका जन्म नर्मदा नगरी में हुआ है। प्रतिदिन मां के दर्शन कर रहे हैं। नवरात्र में देवी मां की पूजा अर्चना और देवी भागवत कथा का श्रवण कर रहे हैं। इसलिए मां नर्मदा के तटवासी तीन स्टार वाले हैं। उन्होंने कहा कि यह सत्कर्म करना बड़े भाग्यशालियों को प्राप्त होता है। नवरात्र महोत्सव में देवी मां की उपासना करने से अपार पुण्य और कृपा प्राप्त होती है। यह शक्ति और भक्ति का पर्व है। देवी आराधना से साधक को सुख, शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। आचार्य श्री के द्वारा दस महाविद्या, 51 शक्ति पीठ, चौसठ योगिनी सहित अन्य देवियों के चरित्र की कथाएं सुनाई जा रही हैं। जिसे सुनकर श्रद्धालु धन्य हो रहे हैं। दस महा विद्याओं का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि दस महाविद्याओं में देवि काली, तारा, त्रिपुर सुंदरी भुवनेश्वरी छिन्नमस्ता, त्रिपुर भैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी और कमला हैं। इनकी साधना से आध्यात्मिक जागृति भय से मुक्ति और जीवन में समृद्धि की प्राप्ति होती है। इसी के साथ देवी सति के अंग जहां जहां गिर वहां पर शक्ति पीठ हैं। देवी भागवत कथा के दौरान आचार्यजी के द्वारा 51 पीठ की देवियां के चरित्र की कथा भी सुनाई जा रही है। आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रकाश शिवहरे ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक जारी रहती है। कथा का विश्राम 27 मार्च को होगा। विश्राम दिवस पर कथा स्थल से भव्य जवारे निकाले जाएंगे। जो नर्मदा जी में गाजे बाजे के साथ विसर्जन के लिए ले जाए जाएंगे। कथा स्थल पर विभिन्न देवियों के स्वरूप की झांकिया भी दिखाई जा रही है।



# भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्त हुए क्षणिक रजक

संत गाडगे प्रतिमा स्थल पर हुआ स्वागत सम्मान
रजक समाज पदाधिकारी बोले रजक समाज के लिए गौरवांवित करने वाला पल



नर्मदापुरम (निप्र)। रजक समाज की एबीडीएम इकाई ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्त हुए माखननगर के युवा क्षणिक रजक का परमहंस घाट स्थित संत गाडगे बाबा प्रतिमा स्थल पर जोरदार स्वागत सम्मान किया। क्षणिक श्रीनगर में भारतीय सेना के माध्यम से अपनी सेवाएं देश को देंगे यह उनकी पहली पदस्थता है। स्वागत सम्मान कार्यक्रम से पहले क्षणिक ने संत गाडगे बाबा प्रतिमा पर रजक समाज के वरिष्ठों के साथ माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान एबीडीएम प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महेश बाथरे ने सभी समाजजनों ने साथ शाल श्रीफल से क्षणिक का सम्मान कर उनका मुंह मीठा कराया। इस सम्मान कार्यक्रम में रजक समाज नगर अध्यक्ष मनीष परदेशी ने कहा कि रजक समाज के लिए यह बड़ा ही गौरव का क्षण है की हमारे समाज की प्रतिभाएं आगे बढ़ रही है इसका जीता जागता उदाहरण युवा क्षणिक है।

जो कि मां भारती की सेवा करने भारतीय सेना में जा रहे है। एबीडीएम प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्री बाथरे ने कहा कि समाज के युवा क्षणिक ने अपनी कड़ी मेहनत से परिवार के साथ रजक समाज का नाम भी रोशन किया है। आप समाज के युवाओं के लिए प्रेरणा बनेंगे। इस सम्मान कार्यक्रम में रजक समाज के कैलाश कनौजिया, वीरेंद्र तिलोतिया, कैलाश भगोरिया, मुन्नालाल रजक, रिखीराम सोनिया, राजेश आर्य, अभिषेक मनवारे, दीपक बनोरिया, प्रकाश भारके, तुलसीराम रजक, घनश्याम सिंह, अशोक मालवीय, हरभजन सिंह, सहित अन्य सामाजिक सदस्य उपस्थित रहे।

## श्री रामनवमी पर नर्मदापुरम् में भव्य आविर्भाव समारोह का आयोजन 27 मार्च को

नर्मदापुरम (ए.)। नर्मदापुरम् में श्री रामनवमी के पावन पर्व पर श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास, संस्कृति विभाग, म.प्र. शासन द्वारा कलानुशासनों में श्रीरामचंद्र की महिमा केन्द्रित आविर्भाव समारोह का आयोजन 27 मार्च को सायं 6:30 बजे श्रीराम मंदिर, माच्छा में किया जा रहा है। जिला प्रशासन, नर्मदापुरम् के सहयोग से आयोजित यह सांस्कृतिक संध्या श्रद्धा, भक्ति और शास्त्रीय-सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों का अनुपम संगम होगी।समारोह का शुभारंभ हरदा के निमाड़ी लोकगायक राकेश सिंह एवं साथी कलाकारों के गायन से होगा, जिसमें लोकधारा के माधुर्य के साथ प्रभु श्रीराम की महिमा का गुणगान किया जाएगा।

## *जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पथरौटा में की गई "जल मंदिर प्याऊ" की स्थापना*

*नर्मदापुरम (निप्र)। विकासखंड केसला अंतर्गत ग्राम पथरौटा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनहित में सराहनीय पहल करते हुए "जल मंदिर प्याऊ" की स्थापना की गई। यह पहल नवांकुर संस्था "नई दिशाएं नारी विकास समिति" के सहयोग से ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पथरौटा द्वारा की गई है। स्थापित प्याऊ पंजाब नेशनल बैंक के समीप स्थित है, जिससे बैंक में आने वाले नागरिकों को गर्मी के मौसम में शुद्ध एवं ठंडा पेयजल आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। प्याऊ के उद्घाटन अवसर पर ब्लॉक समन्वयक केसला विवेक मालवीय, नवांकुर संस्था से राजेश चौहान, परामर्शदाता श्री व्यंकट चिमानिया, समिति अध्यक्ष अजय वर्धन, सदस्य शुभम टिकारिया एवं विक्रम ठाकुर सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।*

## कलेक्टर कार्यालय परिसर में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश लागू

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर कार्यालय परिसर में असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किए गए हैं। उक्त आदेश अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अनिल कुमार जैन द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (1) (3) के अंतर्गत पारित किया गया है। जारी आदेशानुसार कोई भी व्यक्ति अथवा संगठन ज्ञापन सौंपने हेतु पूर्व अनुमति प्राप्त करेगा, जिसमें आयोजक सहित अधिकतम पांच व्यक्तियों का नाम, पता और मोबाइल नंबर का उल्लेख करना अनिवार्य होगा। अनुमत पांच व्यक्तियों के अतिरिक्त किसी अन्य का परिसर में प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।बिना पुलिस को सूचना दिए कोई सभा, जुलूस या वाहन रैली आयोजित नहीं की जा सकेगी तथा सक्षम अधिकारी (अनुविभागीय अधिकारी) की पूर्व अनुमति के बिना किसी भी प्रकार की रैली या जुलूस करना वर्जित रहेगा। इसके अतिरिक्त परिसर में किसी भी प्रकार के हथियार, लाठी-डंडा, पत्थर, बारूद, पटाखे, पेट्रोल या अन्य ज्वलनशील पदार्थ लाना प्रतिबंधित किया गया है। साथ ही कलेक्टर परिसर में भारी या व्यावसायिक वाहनों का प्रवेश भी पूर्णतः वर्जित रहेगा।अपर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि यह प्रतिबंध शासकीय आयोजनों, कार्यक्रमों तथा कर्तव्य पर कार्यरत शासकीय सेवकों, पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेटों पर लागू नहीं होगा। उक्त आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्ति, संस्था अथवा समूह पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 223 के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। अतिरिक्त जिला दण ?डाधिकारी ने निर्देशित किया कि आदेश जनसाधारण की जानकारी हेतु जिले के सभी संबंधित कार्यालयों एवं पुलिस थानों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

# रेत का अवैध उत्खनन-परिवहन-भण्डारण करते 14 वाहन एवं 09 पोकलेन, जेसीबी मशीन जप्त

## संयुक्त दल की कार्यवाही जारी



नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम जिले में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरूद्ध जांच एवं कार्यवाही खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा जारी है। तहसीलवार गठित दल एवं संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म भोपाल से गठित दल द्वारा जिले में नियमित जांच एवं कार्यवाही की जा रही है।इसी अनुक्रम में 24 मार्च 2026 को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पिपरिया द्वारा तहसील-बनखेड़ी में 03 पोकलेन मशीन, 01 जे.सी.बी. मशीन, 09 ट्रक एवं 01 ट्रेक्टर ट्राली को अवैध उत्खनन/परिवहन तथा ओवरलोडिंग करने पर जप्त किये गए हैं। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनीमालवा द्वारा 02 डम्पर को रेत का ओवरलोड परिवहन करते पाये जाने पर जप्त किया गया। संयुक्त दल द्वारा ग्राम-मोहासा, तह0-माखननगर में रेत का अवैध भण्डारण पाये जाने पर 02 जेसीबी मशीन एवं ग्राम-रायपुर, तह0-नर्मदापुरम से रेत का अवैध उत्खनन करते पाये जाने पर 01 ट्रेक्टर ट्राली को जप्त किया गया है। तथा 25 मार्च 2026 को संयुक्त दल द्वारा ग्राम-जासलपुर, तह0-नर्मदापुरम से 01 जेसीबी मशीन एवं ग्राम-मोहासा, तह0-माखननगर से 01 जेसीबी मशीन एवं 01 लोडर को रेत का अवैध भण्डारण पाये जाने पर जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) इटारसी द्वारा 01 डम्पर को रेत का ओवरलोड परिवहन करते पाये जाने पर जप्त किया गया। रेत के अवैध भण्डारण में कुल 800 घ0मी0 रेत जप्त किया गया है।

## ग्रामीणों ने जल संरक्षण हेतु साप्ताहिक श्रमदान का लिया संकल्प

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के मागदर्शन में पूरू जिले मे जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत माखननगर क्षेत्र में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम बगलोन (सेक्टर क्रमांक 03) में नवांकुर संस्था बज्जरवाड़ा लोक कल्याण समिति के सहयोग से ग्रामीणों के साथ एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्रतिनिधि सुरेश यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा प्रदेशभर में जल संरक्षण को लेकर लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।


SED/6/0014/2025-O/oZSK-COLL-BTL I/895642/2026

**कार्यालय कलेक्टर (जिला शिक्षा केन्द्र) बैतूल**

पता- संयुक्त कार्यालय भवन द्वितीय तल कक्ष क्र.S-26
E-mail - zskbetmp@nic.in, zskbetmp@gmail.com - Ph. No. 07141-232449
क्रमांक/जिशिके/जेण्डर/2026/ बैतूल, दिनांक / /2026

**//निविदा//**

बैतूल जिले में जिला शिक्षा केन्द्र बैतूल अंतर्गत संचालित छात्रावासों में सामग्री क्रय किये जाने हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से निम्नानुसार निविदाएं दिनांक 17.03.2026 से आमंत्रित की जाती है-

1. वाशिंग मशीन बिड क्रमांक GEM/2026/B/7326102

उपरोक्त निविदाओं में आवेदन करने की अंतिम दिनांक 07.04.2026 है। इच्छुक निविदाकार जेम पोर्टल पर ऑनलाईन निविदाओं में भाग ले सकते है। कार्य का विस्तृत विवरण एवं शर्ते जेम पोर्टल पर देखी जा सकती है।

जी/27841/25

जिला परियोजना समन्वयक
जिला शिक्षा केन्द्र बैतूल

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें



**कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)**

(टेलीफोन एक्सीचेंज के सामने सदर बाजार नर्मदापुरम (म0प्र0) दूरभाष नं. 07574-252840)
क्र/पुअ/नर्मदापुरम/रनि/स्टोर/1163-A/2026 दिनांक 23/03/2026

**: द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना:**

निविदा सूचना क्र. 1162/2026 दिनांक 23/03/2026

जिला नर्मदापुरम में वित्तीय वर्ष 2025-26 में लघु निर्माण कार्य हेतु द्वितीय ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित निर्माण कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| क्र. | टेण्डर क्र. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि(जीएसटी सहित) | धरोहर राशि (EMD) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | MPP-493417-1 | नर्मदापुरम | पुलिस लाई में महिला प्रशाधन कक्ष निर्माण कार्य | पुलिस लाईन में महिला प्रशाधन कक्ष निर्माण कार्य। | द्वितीय | 2,50,000/- | 7500/- |
| 02 | MPP-493418-1 | नर्मदापुरम | रक्षित निरीक्षक कार्यालय में पोर्च निर्माण कार्य | रक्षित निरीक्षक कार्यालय में पोर्च निर्माण कार्य। | द्वितीय | 2,50,000/- | 7500/- |
| | | | | | कुल योग | | |


उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेन्डर डॉक्यूमेन्ट वेबसाइट माध्यम प्राप्त हो सकेगा। द्वितीय निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि 02/04/2026 के सायं 18:00 बजे निर्धारित है। विस्तृत NIT एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल FDR एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही प्राप्त किए जायेंगे।

जी/27827/25

पुलिस अधीक्षक
नर्मदापुरम

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें


# किसान सेवा सप्ताह के तहत बानापुरा में किसान संगोष्ठी हुई



**केंद्र व प्रदेश सरकार खेती को लाभ का धंधा बनाने अनेक योजनाएं संचालित कर रही हैं-योगेंद्र सिंह राजपूत**

नर्मदापुरम (निप्र)। भाजपा मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार तथा भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा के नेतृत्व में प्रदेश भर में 23 मार्च से 27 मार्च तक किसान सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के जन्मदिवस पर भाजपा किसान मोर्चा के तत्वाधान में कृषि उपज मंडी बानापुरा, सिवनी मालवा में मुख्यमंत्री के जन्म दिवस को सेवा सप्ताह के रूप में मनाते हुए मंडी सभागार में एक विशाल कृषक संगोष्ठी एवं जैविक खेती करने वाले एवं प्रगतिशील किसानों का सम्मान कार्यक्रम रखा गया संगोष्ठी में कार्यक्रम की प्रस्तावना एवं स्वागत भाषण देते हुए भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष योगेंद्र सिंह राजपूत ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए किसान संगोष्ठी की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार भाजपा शासनकाल में केंद्र व प्रदेश की सरकार है खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए अनेकों किसान हितैषी योजनाएं संचालित कर रही हैं जैविक खेती करने वाले एवं प्रगतिशील किसानों का सम्मान जैविक खेती करने वाले एवं प्रगतिशील किसानों का सम्मान उच्च शिक्षित युवा भी महानगरों का अच्छा पैकेज छोड़कर खेती को स्टार्टअप के रूप में अपनाकर नवाचार कर अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं किसान सम्मन निधि के माध्यम से छोटे मझौले किसानो को बड़ी राहत मिली है। किसान मोर्चा के माध्यम से हम लगातार किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने हेतु कार्यशालाओं का आयोजन कर रहे हैं।कार्यशाला में मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नर्मदापुरम संभाग प्रभारी राजेंद्र सिंह राजपूत ने इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए बताया कि किसान सेवा सप्ताह के अंतर्गत प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों का सम्मान एवं उनके हित में जन सेवा कार्य निरंतर किए जाएंगे प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर चलो गांव की ओर अभियान चलाकर चौपाल लगाकर किसानों को जागरुक कर केंद्र व प्रदेश की किसान हितैषी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेषित करए गौ माता के संरक्षण और संवर्धन के लिए हर संभव प्रयास किसान मोर्चा सदैव करता रहेगा किसान संगोष्ठी को भाजपा नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने भी संबोधित करते हुए उपस्थित किसानों को केंद्र व प्रदेश की कल्याणकारी योजनाएं बताते हुए कहा कि प्रत्येक किसान को आमजन के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए जैविक खेती को अभियान के रूप में अपनाना चाहिए।इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिला महामंत्री रघुवीर राजपूत जनपद पंचायत सिवनी मालवा के पूर्व अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह मंडलोई वरिष्ठ कृषक नेता यशवंत पटेल जिला पंचायत के कृषि समिति के सभापति अजीत मंडलोई ने भी संगोष्ठी में अपने विचार रखें। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र जैन जिला मंत्री भाजपा जितेंद्र चौहान शिवपुर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र गुर्जर हंस बड़कुर सुनील साध विनय हरने अभिषेक चौहान रामजीवन साद सहित बड़ी संख्या में किसान एवं व्यापारी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र चंदेल ने किया। संगोष्ठी से पूर्व सभी जनप्रतिनिधियों ने किसाने को मंडी प्रांगण में 24 घंटे शीतल पर उपलब्ध हो इस हेतु नवनिर्मित प्याऊ का लोकार्पण किया। कार्यक्रम स्थल पर सभी ने मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर पौधारोपण किया। इस अवसर पर विशेष रूप से बीएचआरसी ग्रुप के बैनर तले स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन रखा गया स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित किसानों ने बीपी शुगर की जांच कराकर अन्य चिकित्सकीय सेवाओं का लाभ लिया। किसान सेवा सप्ताह के अंतर्गत प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों का सम्मान एवं उनके हित में जनसेवा कार्य निरंतर किए जाएंगे।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com